

एन०सी०ए०नं०
10941/95

प्रतिलिपि एन एन परमेश्वर की जो कि श्री जे. के. एस. राजपूत द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश, दुर्ग (म०प्र०) के न्यायालय में सत्र प्र०क्र० 233/92 अभिलिखित कि गया है, जिसके प्रकार निम्नलिखित है:-

म०प्र०शासन, द्वारा- थाना भिलाई नगर,
द्वारा - सी०बी०आई० न्यु दिल्ली. .... अभियोजन.

विरुद्ध

1. चन्द्रकान्त शाह आ० रामजी भाई शाह,
साकिन- 21/24, नेहरू नगर, भिलाई.

2. ज्ञानप्रकाश मिश्रा उर्फ ज्ञानू आ० छोटकन,
साकिन- बाबा आटा चक्की, कैम्प-1, रोड़ नं. 18, भिलाई,

3. अवधेश राय आ० रामआशीष राय,
साकिन-क्वा०नं०- 7ए, रोड़ नं०-5, सेक्टर-5, भिलाई.

4. अभय कुमार सिंग उर्फ अभय सिंह आ० विक्रमा सिंह,
साकिन- 7 जी, कैम्प-1, भिलाई, जिला दुर्ग.

5. मूलचंद शाह आ० रामजी भाई शाह,
साकिन-सिम्पलेक्स कालोनी, मालवीय नगर, जी०ई०रोड़, दुर्ग

6. नथान शाह आ० रामजी भाई शाह,
साकिन- सिम्पलेक्स कालोनी, मालवीय नगर, जी०ई०रोड़, दुर्ग

7. पल्टन मल्लाह उर्फ रवि आ० नोलाई मल्लाह,
साकिन- भिम्ही थाना रूद्रपुर, जिला देवरिया (उ०प्र०)

8. चन्द्र बक्श सिंह आ० भारत सिंह,
साकिन-जी-38, एल०सी०सी०कालोनी, जामुल, जिला दुर्ग.

9. बल्देव सिंह संधू आ० रावेल सिंह संधू,
साकिन- आर-37, एम०पी०हाऊसिंग बोर्ड कालोनी,
इन्डस्ट्रियल एरिया, भिलाई. ....अभियुक्तगण





COURT FEE 5 PAISE भारत INDIA (court fee stamps)

GRPI-153-7Lakhs-8-92

Witness No. 8 for अभियोजन की ओर से Deposition taken the 27-10-94 day of .... Witness's apparent age 39 वर्ष

States on affirmation my name is एस0एस0परेश्वर

son of श्री एस0एस0परेश्वर occupation एस0आई0

address थाना-अर्जुनी, जिला-रायपुर.

शपथपूर्वक :-

1. दिनांक 6-2-91 से 3-1-92 तक मैं पुलिस चौकी उरला पर चौकी प्रभारी के पद पर पदस्थ था । हमारे थाना क्षेत्र में ।चौकी क्षेत्र में। कई फैक्टरियां हैं, जिनमें सबसे बड़ी फैक्टरी सिम्पलेक्स कास्टिंग है । जो सरोरा में स्थित है । सिम्पलेक्स कास्टिंग की ओर से एक लिखित रिपोर्ट दिनांक 17-4-91 को मुझे प्राप्त हुआ था, जो प्रदर्श पी-51 है । इस लिखित रिपोर्ट को मैंने जांच हेतु रणजीतसिंह, प्रधान आरक्षक पी51 नं0-86 को मार्क किया था । इस बाबत इस रिपोर्ट पर मेरा इन्डोर्समेंट बिंदु अ पर है ।

2. प्रधान आरक्षक जांच पर से लौटकर बताया कि रिपोर्ट पर हड़ताली मजदूरों ने एवं सिम्पलेक्स वालों ने बातचीत से मना कर दिया है । इसके बाद मैं स्वयं जांच हेतु गया था । जांच हेतु मैं दिनांक 20-4-91 को गया था । यह रिपोर्ट प्रदर्श पी-51 डी0व्ही0सिंग, जनरल मैनेजर, सिम्पलेक्स कास्टिंग, उरला की ओर से है और इसमें मुख्य आरोप यह है कि उनकी फैक्टरी सिम्पलेक्स कास्टिंग लि0 में 18-12-90 से हड़ताल चल रही है । हड़ताली ~~छछछ~~ श्रमिक का नेतृत्व श्री शंकर गुहा नियोगी कर रहे हैं और हड़ताली श्रमिक अपने नेता नियोगी के भड़काने पर इच्छुक श्रमिकों को व स्टॉफ मेम्बरों को गाली-गलौच करते हैं और बलपूर्वक काम पर जाने से रोकते हैं ।

3. मैंने इसकी जांच की । जांच करने पर, हड़ताल करने का, भड़कीले भाषण देने का और नारेबाजी का आरोप भी पाया । मारपीट करना और रोकना, गाली-गलौच होना मैंने जांच में नहीं पाया । थाने आकर मैंने जी0डी0नं0- 489 में इस जांच का इंद्राज किया । यह इंद्राज दिनांक 20-4-91 को किया । इसकी सत्यप्रतिलिपि प्रदर्श पी-52 है । असल रोजनामचा मेरे सामने है । साक्षी ने प्रदर्श पी-52 पर पी-52

अ0 न्या0 रायपुर
अपर सत्र न्यायाधीश

COURT FEE 5 (court fee stamps)

साक्षी ... दुर्ग (म.प्र.)

साक्षी ने न्यायालय के समक्ष हस्ताक्षर किये । प्रदर्श पी-5। एवं 52 सी0बी0आई0 वालों ने मुझसे दिनांक 7-1-92 को सीजर मेमो प्रदर्श पी-53 के व्दारा जप्त किया था, जिस पर मेरे हस्ताक्षर हैं ।यह हस्ताक्षर अ से अ भागपर हैं । पी-5

4. शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था के लिये पुलिस गार्ड सिम्पलेक्स कास्टिंग सरोरा, उरला में गेट के पास पोस्ट की गई थी । मेरे चौकी में पदस्थ होने के पहले से यह पोस्टिंग की गई थी । सिम्पलेक्स कास्टिंग के मैनेजर के रिक्वेजीशन पर यह पोस्टिंग की गई थी ।

5. मेरे चौकी के अधिकार क्षेत्र में सिम्पलेक्स कास्टिंग के अलावा जो अन्य फैक्टरियां हैं वहां पर गार्ड की व्यवस्था नहीं की गई थी । नियोगी उनके श्रमिकों के साथ सिम्पलेक्स कास्टिंग, उरला के गेट के सामने ही हड़ताल कर रहे थे और किसी फैक्टरी के सामने हड़ताल नहीं कर रहे थे । ये हड़ताली नियोगी के गुट के थे ।

प्रति-परीक्षण व्दारा श्री राजेन्द्रसिंह, अधिवक्ता वास्ते अभि0 मूलचंद शाह एवं नवीन शाह.

6. बी0ई0सी0 मेरे चौकी के क्षेत्र में है । मेरे अवधि में बी0ई0सी0 में हड़ताल नहीं हुई । लिखित रिपोर्ट का तात्पर्य यह था कि फैक्टरी के सामनेसेहड़तालियों के पांडाल को हटवा दिया जावे । ऐसी बात नहीं थी कि पांडालकेहड़तालियों व्दारा काम करने वालों को फैक्टरी में जाने से रोका जा रहा था । दिनांक 11-4-91 का रोजनामचा मेरे सामने है तथा प्रदर्श जिसके अनुसार सिम्पलेक्स गेट के सामने एडीशनल एस0पी0देहात, सी0एस0पी0माना तथा देहात के थाना प्रभारी ।आसपास देहात के थाना प्रभारी। भी वहां आ गयेथे । मर्ग की जांच करते हुये मैं भी वहां पर पहुंच गया शांति भंग न हो इसलिये इतने अफसर वहां पर आ गये थे ।

7. हड़ताली मजदूर फैक्टरी में काम करने जाने वाले मजदूरों को छीटाकशी करते थे, थू-थू करते थे और नारेबाजी करते थे । नारेबाजी में कहते थे कि तुम लोग कुत्ते हो, हरामजादे हो, भंगी हो । सिम्पलेक्स कास्टिंग में मेरे चौकी में पदस्थ होने के पहले से गार्ड लगी हुई थी । मैंने जब चार्ज लिया तब फैक्टरी के सामने एक हेड-कांस्टेबल और दो सिपाही की ड्यूटी थी । 11 तारीख की घटना के बाद भी गार्ड नहीं बढ़ाई गई । साक्षी स्वत: कहता है कि 11 तारीख को कोई घटना नहीं हुई ।



बाद में गार्ड की संख्या नहीं बढ़ाई गई ।

8. प्रदर्श पी-52 में यह लिखा है कि केडिया डिस्टलरी, कुम्हारी में घटित घटना के संबंध में जन आक्रोश व्याप्त है। केडिया डिस्टलरी के घटना के संबंध में मुझे नहीं मालूम कि वहां हड़तालियों ने बहुत तोड़फोड़ की औरवहां में गोली भी चली थी । केडिया में जो घटना हुई है उसके कारण सिम्पलेक्समेंभी उसी प्रकार की घटना होने की संभावना है । हड़ताली कर्मचारी पांडाल में भड़की-ले भाषण दे रहे थे । इन भाषणों से दूसरे हड़ताली भड़क रहे थे ।

9. सिम्पलेक्स में तैनात गार्ड का इन हड़तालियों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा । प्रदर्श डी-1 में यह बात नहीं लिखी है कि सिम्पलेक्स के अलावा डी-1 और कहीं गार्ड नहीं लगाई गई थी । प्रदर्श डी-1 में यह बात नहीं लिखी है कि नियोगी सिम्पलेक्स के अलावा और कहीं हड़ताल नहीं कर रहा था । यह बात गलत है कि मैं ये दोनों बातें आज इसलिये कह रहा हूं, क्योंकि मुझे समझाया गया है कि अदालत में ऐसा कहना है ।

प्रति-परीक्षण द्वारा श्री धुरंधर, अधिवक्ता वास्ते अभियुक्त पलटन.

10. कुछ नहीं ।

प्रति-परीक्षण द्वारा श्री त्रिवेदी, अधिवक्ता वास्ते अभियुक्त चंद्रकांत शाह.

11. कुछ नहीं ।

प्रति-परीक्षण द्वारा श्री हासिम खान, अधि0 वास्ते अभियुक्त अभयसिंह

12. कुछ नहीं ।

प्रति-परीक्षण द्वारा श्री अशोक यादव, अधि0 वास्ते अभियुक्त ज्ञानप्रकाश, अवधेश राय, चंद्रबक्श एवं बलदेव.

13. कुछ नहीं ।

गवाह को पढ़कर सुनाया, समझाया गया ।

सही होना पाया ।	मेरे निर्देशन पर टंकित ।
J.K.Rajput	J.K.Rajput
। जे0के0एस0राजपूत ।	। जे0के0एस0राजपूत ।
द्वितीय अति0 सत्र न्यायाधीश,	द्वितीय अति0 सत्र न्यायाधीश,
दुर्ग । म0प्र0।	दुर्ग । म0प्र0।

सत्यप्रतिलिपि

8-3-95

11-3-95

4-4-95

8-3-95

on

5 Ap... ived 30-3-95
fro...
rece...
fo...
r

6

4-4-95

4-4-95



COURT FEE 5 पैसे 5 PAISE INDIA

80

एस०ओ०ए०ओ०ए०ओ०
1094/95

आतलाप --- निश्चाम प्रसाद कंवार की जो कि श्री जे. के. एस. राजपूत द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश, दुर्ग (म०प्र०) के न्यायालय में सत्र प्र०क्र० 233/92 अभिलिखित कि गया है, जिसके पक्षकार निम्नलिखित है:-

म०प्र०शासन, द्वारा- थाना भिलाई नगर,
द्वारा - सी०बी०आई० न्यू दिल्ली. .... अभियोजन.

<u>विरुद्ध</u>

1. चन्द्रकान्त शाह आ० रामजी भाई शाह,
साकिन- 21/24, नेहरू नगर, भिलाई
ज्ञानप्रकाश मिश्रा उर्फ ज्ञानू आ० छोटकन,
साकिन- बाबा आटा चक्की, कैम्प-1, रोड नं. 18, भिलाई,
अवधेश राय आ० रामआशीष राय,
साकिन-क्वा०नं०- 7ए, रोड नं०-5, सेक्टर-5, भिलाई
अभय कुमार सिंग उर्फ अभय सिंह आ० विक्रमा सिंह,
साकिन- 7 जी, कैम्प-1, भिलाई, जिला दुर्ग.
मूलचंद शाह आ० रामजी भाई शाह,
साकिन-सिम्पलेक्स कालोनी, मालवीय नगर, जी०ई०रोड, दुर्ग
नवीन शाह आ० रामजी भाई शाह,
साकिन- सिम्पलेक्स कालोनी, मालवीय नगर, जी०ई०रोड, दुर्ग
पल्टन मल्लाह उर्फ रवि आ० नोलाई मल्लाह,
साकिन- निभही थाना रुद्रपुर, जिला देवरिया (उ०प्र०)
चन्द्र बक्श सिंह आ० भारत सिंह,
साकिन-जी-30, एल०सी०सी०कालोनी, जामुल, जिला दुर्ग.
9. बल्देव सिंह संधू आ० रावेल सिंह संधू,
साकिन- आर-37, एम०पी०हाउसिंग बोर्ड कालोनी,
इन्डस्ट्रियल एरिया, भिलाई ....अभियुक्तगण



2-110

GPPI　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　II-157
C. J.

Witness No. ....9.......... for ....Deposition take

the ....27-10-94.... day of ....rent age ....41 वर्ष....

States on affirmation　　　　　　　　　　　　my name is ....प्रसाद बंजारे ....

son of ....श्री एम०एस० बंजारे................ occupation ..सहायक उप-निरीक्षक.

address........यातायात शाखा, भिलाई...........

शपथपूर्वक :-

1.　　　　मैं थाना जामुल में सितम्बर 90 से मई 93 तक बतौर ए०एस०आई० पोस्टेडरहा हूं । हमारे थानेकेप्रभारी श्री एस०एल० सलाम थे । मेरे साथ एस०आई० सुरेश सेन, ए०एस०आई० गजपाल वगैरह भी पदस्थ रहे हैं । छ०मु०मोर्चा के प्रमुख नेता मृतक शंकर गुहा नियोगी थे । छ०मु०मोर्चा के सभा, रैली, आंदोलन आदि के सिलसिले में शांति व्यवस्था के सिलसिले में मेरी भी ड्यूटी लगी थी ।

2.　　　　दिनांक 9-8-91 को मैं लॉ एंड आर्डर की ड्यूटी में केडिया डिस्टलरी गया था, वहां मैंने देखा कि 80 पुरूष व 30 महिला डिस्टलरी के गेट के सामने शासन व प्रशासन के खिलाफ नारे लगा रहे थे, जिनमें रविन्द्र शुक्ला, सतेन्दर सिंह वगैरह शामिल थे और ये फिर रैली के रूप में सभी हड़ताली उत्तेजनापूर्ण नारे लगाते हुये सिम्पलेक्स इंजीनियरिंग व कास्टिंग की ओर चले गये । केडिया डिस्टलरी का और सिम्पलेक्स कास्टिंग की दीवालें मिली हुई हैं और सिम्पलेक्स इंजीनियरिंग वहां से करीब 100 फीट की दूरी पर है रोड के दूसरी तरफ ।

3.　　　　थाने लौटकर आकर मैंने इस बात का इंद्राज जी०डी०नं०- 509, दिनांक 9-8-91 को किया । असल रोजनामचा मेरे सामने है और उसकी सही नकल प्रदर्श पी-12 है ।

4.　　　　दिनांक 13-8-91 को सुबह करीब ~~80~~.00 बजे 8.00 बजे मैं केडिया डिस्टलरी ड्यूटी पर गया था । वहां जाकर मैंने देखा कि 35 महिला और 40 पुरूष श्रमिक नारेबाजी कर रहे थे । मैं वहां पर 9.30 बजे तक रहा । इसके बाद हड़ताली कर्मचारी रैली बनाकर सिम्पलेक्स कास्टिंग की ओर चले गये । सिम्पलेक्स कास्टिंग के पास जाकर हड़ताली क्या किये मैं नहीं बता सकता । थाना वापस आकर मैंने जी०डी०नं०- 789 में इंद्राज किया । असल मेरे सामने है, जिसकी सही नकल प्रदर्श पी-13 है ।

J.U.S.Rajuu

कार्या. जिला ... दुर्ग (म.प्र.)

5. दिनांक 20-8-91 को थाने पर मैं मौजूद था तब पवन कुमार आ0 फंदी साहू, उम्र- 35 साल, साकिन-कंड्का ने आकर एक लिखित रिपोर्ट दी कि सिम्पलेक्स गेट के सामने श्रमिक रोजाने की तरह नारेबाजी करते हैं तथा काम पर आने-जाने वाले मजदूरों को रोकटोक करते हैं और ऐसा करने वालों के नामभी उसने बताये । रिपोर्ट में यह भी बताया कि ये लोग धरना के रूप में गेट पर बैठ जाते हैं इसका इंद्राज मैंने जी0डी0नं0- 1229 में किया । असल मेरे सामने है, जिसकी सही नकल प्रदर्श पी-54 है । पी-5

6. यह रिपोर्ट अदस्तनदाजी होने के कारण न्यायालय में जाने कासलाह दिया गया ।

7. दिनांक 20-8-91 को मैं लॉ एंड ऑर्डर ड्यूटी पर अपने स्टॉफ के साथ सिम्पलेक्स उद्योग में गया था । मैं वहां करीब 8.45 बजे सुबह पहुंचा । वहां 40 श्रमिक गेट के सामने नारेबाजी कर रहे थे । यह नारेबाजी सिम्पलेक्स उद्योग के गेट के सामने कर रहे थे । उसके बाद ये लोग सिम्पलेक्स कास्टिंग की ओर आ गये । वहां भी ये लोग नारेबाजी किये और मीटिंग लिये । उमाशंकर के साथ की गई मारपीट के संबंध में यह मीटिंग ली गई थी । मारपीट करने वालों को पकड़ने के लिये यह मीटिंग ली गई थी ।

8. यह मांग की गई कि एक सप्ताह में अपराधी पकड़ा जावे अन्यथा 3 दिन तक समस्त संस्थान बंद करने का आव्हान किया । थाना जामुल लौटकर आकर मैंने जी0डी0नं0-1193, दिनांक 20-8-91 को 11.05 बजे मैंने इसका इंद्राज किया । असल मेरे सामने है और उसकी सही नकल प्रदर्श पी-515 है ।

9. दिनांक 22-8-91 को मैं अपने स्टॉफ के साथ सिम्पलेक्स उद्योग करीब 7.45 बजे सुबह ड्यूटी पर गया था । वहां मैंने देखा कि करीब 40 मजदूर गेट के सामने नारेबाजी कर रहे थे । उन लोगों का नेतृत्व रामलखन, सुदामा, अजायबलाल कर रहे थे । सुदामा भी छ0मु0मोर्चा के प्रमुख कार्यकर्ता में से हैं । ये लोग रैली बनाकर सिम्पलेक्स कास्टिंग के गेट पर पहुंचकर सभा किये । उमाशंकर की मारपीट के सिलसिले में गिरफ्तार करने एवं सिम्पलेक्स व केडिया मैनेजमेंट के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने की मांग की । यह सभा 9.45 बजे सुबह खत्म हो गई । थाने में लौटकर आकर मैंने जी0डी0नं0-1328, दिनांक 22-8-91 को इंद्राज किया । असल मेरे सामने है,



सही नकल प्रदर्श पी-17 है ।

10. दिनांक 26-8-91 को मैं थाना जामुल में मौजूद था । उस दिन 17.20 बजे पवन कुमार आ0 फंदी साहू, उम्र-35 साल, साकिन-कंड्का, जो सिम्पलेक्स इं0 कंपनी में चौकीदार है ने थाना आकर एक रिपोर्ट दी कि सिम्पलेक्स इं0 कंपनी के प्रथम तथा द्वितीय पाली में जाने वाले मजदूरों को हड़ताली श्रमिक गाली देते हैं और नारेबाजी करते हैं, जिनके प्रमुख नेता मंगलसिंह, रामनाथ राव वगैरह हैं और जो छ0मु0 मोर्चा के यूनियन से संबंधित हैं । इस रिपोर्ट के बारे में थाना के जी0डी0नं0-1558 में इंद्राज किया, असल मेरे सामने है, जिसकी सही नकल प्रदर्श पी-45 है ।

11. मैंने इस आवेदन-पत्र को रिसीव करने के बाद थाना प्रभारी को अग्रिम कार्यवाही हेतु भेज दिया था ।

12. दिनांक 28-8-91 को उपरोक्त पवन कुमार, जो सिम्पलेक्स के चौकीदार हैं ने आकर मेरे समक्ष एक रिपोर्ट इस आशय की कि हड़ताली मजदूर 19-8-91 से लेकर 25-8-91 तक सिम्पलेक्स गेट के सामने नारेबाजी करते हैं और आने-जाने वाले श्रमिकों एवं अधिकारियों को बाधा उत्पन्न करते हैं । इन श्रमिकों में उन्होंने कई नेताओं के नाम लिखाये, जिनमें सुदामाप्रसाद का होना भी बताया गया । सुदामाप्रसाद छ0मु0मोर्चा के नेताओं में से एक हैं । इस रिपोर्ट में उसने यह भी लिखाया था कि उपरोक्त नेता न्यायालय के आदेश के मुताबिक कार्य करेंगे, किंतु आदेशका उल्लंघन करते हुये गेट के सामने बैठ जाते हैं, जिसका इंद्राज जी0डी0नं0-1686 में किया गया । असल मेरे सामने है और उसकी सही नकल प्रदर्श पी-55है । पी-55

13. उस दिन बिसाहिनबाई जौजे धनुषकुमार, साकिन- शारदापारा कैम्प-2 ने थाना हाजिर आकर मुझे जुबानी रिपोर्ट दी कि दुलारीबाई, जो छ0मु0मोर्चा की कार्यकर्ता है ने आकरबोली कि 29-8-91 को हड़ताल करना है, काम पर नहीं जाना है । उसने यह भी कहा कि तुम्हारी वजह से उनकी मांगे पूरी नहीं हो रही है दुलारीबाई द्वारा उसके बाल पकड़कर, हाथ मुक्के से मारना भी बताया । इसके बारे में जी0डी0नं0-1693, दिनांक 28-8-91 को रिपोर्ट दर्ज किया गया । असल मेरे सामने है, जिसकी सही नकल प्रदर्श पी-56 है । पी-56



चूंकि जुर्म अदमदस्तदाजी पाया गया, इसलिये उसे न्यायालय में जाने की सलाह दी गई ।

प्रति-परीक्षण द्वारा श्री राजेन्द्रसिंह अधिवक्ता वास्ते अभि0 मूलचंद शाह, नवीन शाह

नोट :- चायकाल का समय होने के कारण साक्षी का प्रति-परीक्षण चायकाल तक के लिये स्थगित किया गया ।

गवाह को पढ़कर सुनाया, समझाया गया ।

सही होना पाया । मेरे निर्देशन पर टंकित ।

J. M. Rajput J. M. Rajput

। जे0के0एस0राजपूत । । जे0के0एस0राजपूत ।
द्वितीय अति0 सत्र न्यायाधीश, द्वितीय अति0 सत्र न्यायाधीश,
दुर्ग ।म0प्र0। दुर्ग ।म0प्र0।

14. चायकाल पश्चात साक्षी को शपथ दिलाकर साक्षी का प्रति-परीक्षण प्रारंभ किया गया ।

15. 1-7-92 में छ0मु0मोर्चा वालों ने रेल्वे लाईन, दुर्ग में धरना दिया था, जिससे आने-जाने वाली सभी गाड़ियां रूक गई थी । छ0मु0मोर्चा के श्रमिकों ने पत्थरबाजी और मारपीट की, जिसमें एक इंस्पेक्टर के0पी0सिंग की मृत्यु हो गई । इसके बाद पुलिस फायरिंग हुई थी । फायरिंग के बाद हड़ताली लोग रेल्वे लाईन छोड़कर उठ गये ।

16. मुझे नहीं मालूम कि जनकलाल ठाकुर, भीमराव बागड़े, अनूपसिंह एवं घोषायल पर सब इंस्पेक्टर को मारने के कारण मुकदमा चला है । जैसे कि सिम्पलेक्स वालों के यहां मजदूर लोग मजमा लेकर आया करते थे उसी प्रकार ये लोग भिलाई वायर्स, केडिया, विश्वविशाल, बी0ई0सी0ई0, भिलाई आॅक्जिलरी, जनरल फेब्रिकेटर्स में भी उसी प्रकार आया करते थे । सब जगह यही डिमांड होती थी कि हमारा वेतन बढ़ाओ, बी0एस0पी0 के समानांतर सुविधायें दी जाये, हटाये गये मजदूर वापस लिये जायें ।

17. केडिया फैक्टरी के समक्ष छ0मु0मोर्चा के श्रमिक जाते थे वे केडिया को और प्रशासन को अश्लील गालियां दिया करते थे ।

J. M. Rajput



80

गवाह नं0:- 9   पज नं0:- 3

18.   पवन कुमार व्दारा लाये गये रिपोर्ट किसके हाथ की लिखी होती थीं मुझे नहीं मालूम । उमाशंकर की मारपीट के संबंध में मेरे थाने से जांच हुई थी । मैंने जांच नहीं किया था । नियोगी के मृत्यु के बाद भी कुछ समय बाद तक नारेबाजी, सभायें, धरना देना, उत्तेजनापूर्ण भाषण, आंदोलन उसी प्रकार चलता रहा, जो बाद में कम हो गये ।

प्रति-परीक्षण व्दारा श्री धुरंधर, अधिवक्ता वास्ते अभियुक्त पलटन.

19.   कुछ नहीं ।

प्रति-परीक्षण व्दारा श्री जे0पी0संघी, अधि0 वास्ते अभि0 चंद्रकांत शाह.

20.   कुछ नहीं ।

प्रति-परीक्षण व्दारा श्री हासिम खान, अधि0 वास्ते अभियुक्त अभयसिंह.

21.   कुछ नहीं ।

प्रति-परीक्षण व्दारा श्री अशोक यादव, अधि0 वास्ते अभि0 ज्ञानप्रकाश, अवधेश रॉय. चंद्रबक्श एवं बलदेव.

22.   कुछ नहीं ।

गवाह को पढ़कर सुनाया, समझाया गया ।

सही होना पाया ।   मेरे निर्देशन पर टंकित ।

[signature]   [signature]



। जे0के0एस0राजपूत ।   । जे0के0एस0राजपूत ।
व्दितीय अति0 सत्र न्यायाधीश,   व्दितीय अति0 सत्र न्यायाधीश,
दुर्ग ।म0प्र0।   दुर्ग ।म0प्र0।

सत्यप्रतिलिपि
[signature] 5/98
दुर्ग (म.प्र.)



ived on 9.3.95

11.3.95

4.4.95

9.3.95

30.3.95

4.4.95

4.4.95



एम०सी०आर०सी०नं०
1094/95

प्रतिलिपि सूर्यदेव वर्मा - - - - की जो कि श्री जे. के. एस. राजपूत द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश, दुर्ग (म०प्र०) के न्यायालय में सत्र प्र०क्र० 233/92 अभिलिखित कि गया है, जिसके पक्षकार निम्नलिखित है:-

म०प्र०शासन, द्वारा- थाना भिलाई नगर,
द्वारा - सी०बी०आई० न्यू दिल्ली. .... अभियोजन.

विरुद्ध

1. चन्द्रकान्त शाह आ० रामजी भाई शाह,
साकिन- 21/24, नेहरू नगर, भिलाई
2. ज्ञानप्रकाश मिश्रा उर्फ ज्ञानू आ० छोटकन,
साकिन- बाबा आटा चक्की, कैम्प-1, रोड नं. 18, भिलाई,
3. अवधेश राय आ० रामआशीष राय,
साकिन-क्वा०नं०- 7ए, रोड नं०-5, सेक्टर-5, भिलाई
4. अभय कुमार सिंह उर्फ अभय सिंह आ० विक्रमा सिंह,
साकिन- 7 जी, कैम्प-1, भिलाई, जिला दुर्ग.
5. मूलचंद शाह आ० रामजी भाई शाह,
साकिन-सिम्पलेक्स कालोनी, मालवीय नगर, जी०ई०रोड, दुर्ग
6. नवीन शाह आ० रामजी भाई शाह,
साकिन- सिम्पलेक्स कालोनी, मालवीय नगर, जी०ई०रोड, दुर्ग
7. पल्टन मल्लाह उर्फ रवि आ० नोलाई मल्लाह,
साकिन- निम्ही थाना रुद्रपुर, जिला देवरिया (उ०प्र०)
8. चन्द्र बक्श सिंह आ० भारत सिंह,
साकिन-जी-36, एच०सी०सी०कालोनी, जामुल, जिला दुर्ग.
9. बल्देव सिंह संधू आ० रावेल सिंह संधू,
साकिन- आर-37, एम०पी०हाउसिंग बोर्ड कालोनी,
इन्डस्ट्रियल एरिया, भिलाई .... अभियुक्तगण



CP Pi-153-7Lakhs-8-92

II-157
C. J.

Witness No. 10 for अभियोजन की ओर से Deposition taken the 27-10-94 day of .... Witness's apparent age 32 वर्ष

States on affirmation my name is सूर्यदेव वर्मा

son of श्री जगबंधन वर्मा occupation सर्विस भिलाई वायर्स

address लेबर कॉलोनी, खुर्सीपार, से0-11, जोन-3, भिलाई.

शपथपूर्वक :-

1. सन् 1990 में मैं भिलाई वायर्स में ऑपरेटर का काम करता था। मैं छ0मु0मोर्चा का सदस्य था। नवम्बर 1990 से मैं छ0मु0मोर्चा का सदस्य नहीं हूं। 17 सितम्बर 90 की बात है उस दिन विश्वकर्मा पूजा थी, जिसके कारण छुट्टी थी। फैक्टरी बंद था। मैं छ0मु0मोर्चा के जुलूस में शामिल होने के लिये गया था। 17-9-90 को मैं सिम्पलेक्स इंजीनियरिंग के पास पहुंचा करीब 1.15 बजे का समय था। मैं झंडा लाल-हरा लेकर जा रहा था। सिम्पलेक्स इं0 से 10 मीटर आगे कुछ अज्ञात लोगों ने मुझ पर हमला किया। मैं नहीं देख पाया कि ये लोग कहां से आये।

2. मेरे पैर में और नाक के पास उस हमले में चोट आई थी। मैं हमलावरों को नहीं देख पाया। मैं बेहोश हो गया था, इसलिये हमलावरों को नहीं देख पाया। कोई आदमी वहां से उठाकर मुझे दुर्ग ले आया, जहां मेरा ईलाज हुआ। उसके बाद मुझे पावरहाउस में छोड़ दिया गया।

3. मैं जामुल थाना 2-3 आदमियों के साथ गया था, जहां मैंने रिपोर्ट लिखाई थी।

4. मैं नहीं बता सकता कि मुझ पर हमला क्यों हुआ। झंडा मैंने फेक दिया। मेरी इच्छा थी, इसलिये मैंने सदस्यता छोड़ दी।

प्रति-परीक्षण व्दारा श्री राजेन्द्रसिंह, अधि0 वास्ते अभि0 मूलचंद शाह, नवीन शाह.

5. विश्वकर्मा की छुट्टी सभी फैक्टरियों में थी। इस जुलूस में सभी फैक्टरी, केडिया, सिम्पलेक्स आदि के श्रमिक शामिल थे। हम लोग गाना गाते जा रहे थे, अचानक मार पड़ गई। मारने वाले किस दिशा से आये यह मैं नहीं देख पाया था। भीड़ में से किसी ने मार दिया यह भी मैं नहीं देख पाया।

Jutkyru

प्रति-परीक्षण द्वारा श्री धुरंधर, अधिवक्ता वास्ते अभियुक्त पलटन.

6. कुछ नहीं ।

प्रति-परीक्षण द्वारा श्री संघी, अधिवक्ता वास्ते अभि० चंद्रकांत शाह.

7. कुछ नहीं ।

प्रति-परीक्षण द्वारा श्री हासिम खान, अधि० वास्ते अभियुक्त अभयसिंह.

8. कुछ नहीं ।

प्रति-परीक्षण द्वारा श्री अशोक यादव, अधि० वास्ते अभि० ज्ञानप्रकाश, अवधेश, चंद्रबख्श एवं बलदेव.

9. कुछ नहीं ।

गवाह को पढ़कर सुनाया, समझाया गया ।

सही होना पाया । | सही होना पाया ।
मेरे निर्देशन पर टंकित ।

ह०/- (जे०के०एस०राजपूत)
द्वितीय अति० सत्र न्यायाधीश,
दुर्ग (म०प्र०)

ह०/- (जे०के०एस०राजपूत)
द्वितीय अति० सत्र न्यायाधीश,
दुर्ग (म०प्र०)

सत्यप्रतिलिपि
5/5/80
प्रधान प्रतिलिपिकार
प्रतिलिपि विभाग
कार्या. जिला एवं सत्र न्यायाधीश
दुर्ग (म.प्र.)



प्रतिलिपि क्रमांक 1094/95 प्रतिलिपि – मुन्नू भाई – – – – – – – की जो कि श्री जे. के. एस. राजपूत द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश, दुर्ग (म०प्र०) के न्यायालय में सत्र प्र०क्र० 233/92 अभिलिखित किया गया है, जिसके प्रकार निम्नलिखित है:-

म०प्र०शासन, द्वारा- थाना भिलाई नगर,
द्वारा - सी०बी०आई० न्यू दिल्ली. .... अभियोजन.

<u>विरुद्ध</u>

1. चन्द्रकान्त शाह आ० रामजी भाई शाह,
साकिन- 21/24, नेहरु नगर, भिलाई

2. ज्ञानप्रकाश मिश्रा उर्फ ज्ञानू आ० छोटकन,
साकिन- बाबा आटा चक्की, कैम्प-1, रोड नं. 18, भिलाई,

3. अवधेश राय आ० रामआशीष राय,
साकिन-क्वा०नं०- 7ए, रोड नं०-5, सेक्टर-5, भिलाई ।

4. अभय कुमार सिंग उर्फ अभय सिंह आ० विक्रमा सिंह,
साकिन- 7 जी, कैम्प-1, भिलाई, जिला दुर्ग.

5. मूलचंद शाह आ० रामजी भाई शाह,
साकिन-सिम्पलेक्स कालोनी, मालवीय नगर, जी०ई०रोड, दुर्ग

6. नवीन शाह आ० रामजी भाई शाह,
साकिन- सिम्पलेक्स कालोनी, मालवीय नगर, जी०ई०रोड, दुर्ग

7. पल्टन मल्लाह उर्फ रवि आ० नोलाई मल्लाह,
साकिन- निम्हौी थाना रुद्रपुर, जिला देवरिया (उ०प्र०)

8. चन्द्र बक्श सिंह आ० भारत सिंह,
साकिन-जी-38, एच०सी०सी०कालोनी, जामुल, जिला दुर्ग.

9. बल्देव सिंह संधू आ० रावेल सिंह संधू
साकिन- आर-37, एम०पी०हाऊसिंग बोर्ड कालोनी,
इन्डस्ट्रियल एरिया, भिलाई .... अभियुक्तगण

2-५०

GRPI-153-7Lakhs-8-92 II-157
C. J.

Witness No. 11 for अभियोजन की ओर से Deposition taken the 19-12-94 day of .... Witness's apparent age 37 वर्ष

States on affirmation my name is मन्नूभाई बोड़ा

son of श्री बेलजी बोड़ा occupation सर्विस

address फ्लाट नं0-31स, आ0आ0 डी0पी0सिंहनगर, भिलाई-23.

शपथपूर्वक :-

1. मैं सिम्पलेक्स कॉस्टिंग में सन् 1981 से भिलाई में जूनियर एक्जीक्यूटिव परचेज ऑफिसर के पद पर कार्यरत हूं । इस फर्म में श्री अरविंद शाह व श्री केतन शाह मेनेजिंग डॉयरेक्टर हैं । इनके अलावा एक-दो व्यक्ति और हैं, जिनके मुझे नाम याद नहीं हैं । 1991 में नवीन शाह सिम्पलेक्स कॉस्टिंग में डायरेक्टर थे, सन 94 से वे डॉयरेक्टर नहीं हैं । 91-92 में सि0 कॉस्टिंग का काम नवीन शाह ही देखते थे। नवीन शाह आज अदालत में मौजूद हैं । ये लोग शांत भाई मूलचंद शाह, नवीन शाह, दीपक शाह, प्रसन्न शाह, महेश शाह, चंद्रकांत शाह और केतन शाह हैं ।

2. सिम्पलेक्स ग्रुप की अन्य फेक्टरी भिलाईमें सि0इं0 एंड फा0 वर्क्स लि0 एवं संगम प्रोजेक्ट्स है । सिम्पलेक्स इं0 एंड फा0 वर्क्स में 3 यूनिट हैं । चंद्रकांत शाह की ओसवाल आयरन भिलाई में फेक्टरी थी । आज चंद्रकांत शाह भी आज अदालत में मौजूद हैं ।

3. परचेज ऑफिस की हैसियत से मैं मेरा काम फेक्टरी के लिये रॉ मटेरियल परचेज करना था । हमारे यहां प्रोडक्शन विभाग प्रत्येक माह के लिये एक रिपोर्ट तैयार करता था क्या माल बनना है और उसके लिये क्या-क्या रॉ मटेरियल आना है उसके आधार पर मैं रॉ मटेरियल की खरीददारी का काम करता था ।

4. मेसर्स सि0कॉस्टिंग का रिजेक्टेड माल का कटिंग ओसवाल इंडस्ट्रीज में तथा मैनुअल कटिंग में होता था । ओसवाल इं0 में जो माल जाता था उसका मैं रिकार्ड रखता था । मैं आज अभिलेख लेकर नहीं आया हूं ।

नोट :- अभिलेख लाने हेतु सी0बी0आई0 की ओर से एक आवेदन पेश किया गया, जिसके कारण गवाह का परीक्षण स्थगित किया जाता है ।

गवाह को पढ़कर सुनाया, समझाया गया ।

सही होना पाया । मेरे निर्देशन पर टंकित ।

(signature) (signature)

(जे0के0एस0राजपूत) (जे0के0एस0राजपूत)

श्री. ... एवं ... दुर्ग (म.प्र.)

उक्त साक्षी को आज दिनांक 20-12-94 को पुन: शपथ दिलाकर परीक्षण आरंभ किया गया ।

<u>शपथपूर्वक</u> :-

5. 90-91 के रिजेक्टेड माल जो मेसर्स सिम्पलेक्स कास्टिंग से भेजा गया था उसके रिकाईस हमारे यहां नहीं मिलेंगे, क्योंकि एकाउंट माल के वापस आने पर क्लोज हो जाता है ।

<u>नोट</u> :- न्यायालय का समय समाप्त हो रहा है, ऐसी परिस्थिति में गवाह को कल के लिये पाबंद किया जावे ।

गवाह को पढ़कर सुनाया, समझाया गया ।

सही होना पाया ।

(हस्ताक्षर)

‡ जे0के0एस0राजपूत ‡
द्वितीय अति0 सत्र न्यायाधीश,
दुर्ग ‡म0प्र0‡

मेरे निर्देशन पर टंकित ।

(हस्ताक्षर)

‡ जे0के0एस0राजपूत ‡
द्वितीय अति0 सत्र न्यायाधीश,
दुर्ग ‡म0प्र0‡

साक्षी को आज दिनांक 21-12-94 को पुन: शपथ दिलाकर उसका परीक्षण प्रारंभ किया गया ।

6. मूलचंद शाह एवं नवीन शाह, चंद्रकांत शाह के पिताजी का नाम रामजी भाई शाह है । मूलचंद शाह एवं नवीन शाह वगैरह अपना नाम तथा अपने पिताजी के नाम के बाद शाह लगाते हैं । मैं अभियुक्त ज्ञानप्रकाश मिश्रा को पहचानता हूं, जो आज अदालत में मौजूद है । ओसवाल से जो माल टूटकर हमारी फर्म में वापस आता था उस माल के ट्रकों के साथ कभी-कभी अभियुक्त ज्ञानप्रकाश मिश्रा भी सिम्पलेक्स कॉस्टिंग में आता था । मुझे नहीं मालूम कि अभियुक्त ज्ञानप्रकाश मिश्रा को नवीन भाई जानते थे या नहीं । ज्ञानप्रकाश मिश्रा को ठेका देने के बारे में नवीन शाह ने नहीं कहा था । ज्ञानप्रकाश से मैं रेती के ठेके के बारे में बात किया था ।

<u>नोट</u> :- श्री सक्सेना, विशेष लोक अभियोजक ने साक्षी को विरोधी घोषित कर उससे प्रति-परीक्षण की अनुमति चाही ।

केस डायरी कथन देखा, अनुमति दी गई ।

7, इस मुकदमे के सिलसिले में सी0बी0आई0 के अधिकारी ने मुझसे पूछताछ किया था । मैं अंग्रेजी पढ़ सकता हूं । प्रदर्श पी-63 में अ से अ ज्ञानप्रकाश - - - - - सेंड

(हस्ताक्षर)

ONE RUPEE ONE RUPEE

गवाह नं0 :- 11 पेज नं0 :- 2

का ब्यान नहीं दिया था । मुझे नहीं मालूम कि ऐसा क्यों लिखा, अपनी मर्जी से लिखा होगा । ज्ञानप्रकाश मिश्रा मुझसे ठेके के संबंध में 91 में मिला था । हमारे फैक्टरी में रेत की आवश्यकता होती है । ज्ञानप्रकाश को ठेके का तजुर्बा था या नहीं था मुझे नहीं मालूम । ज्ञानप्रकाश को ऐसा कोई ठेका नहीं दिया गया । सिम्पलेक्स कास्टिंग से चंद्रकांत शाह की फैक्टरी रिजेक्टेड माल तोड़ने का काम बल्क में वहीं जाता था ,चूंकि 91 के रिकार्ड 190-91-92 के भी रिकार्ड। मेसर्स सि0 कास्टिंग के रिकार्ड्स नष्ट करने के कारण उपलब्ध नहीं है, इसलिये यह मैं नहीं बता पाऊंगा कि किस माह में कितना रिजेक्टेड लोहा मेसर्स सि0 कास्टिंग से मेसर्स ओसवाल आयरन एंड स्टील प्रा0लि0, जो कि चंद्रकांत शाह की फैक्टरी हैमें तोड़ने के लिये भेजा गया था ।

8. मुझे मालूम है कि शंकर गुहा नियोगी की हत्या सितम्बर 91 में हुई है । यह मुझे मालूम है कि हत्या का संदेह मूलचंद शाह और नवीन शाह तथा चंद्रकांत शाह पर पुलिस कर रही थी । शंकर गुहा नियोगी की हत्या 28 सितम्बर 91 में हुई है मुझे मालूम है । मुझे यह भी मालूम है कि हत्या के बाद अक्टूबर 91 के पहले सप्ताह में चंद्रकांत शाह फरार हो गया था । चंद्रकांत शाह के फरार होने के बाद मेरी जानकारी में मे0 ओसवाल आयरन एंड स्टील प्रा0लि0 का काम बंद नहीं हुआ था । मैं कभी-कभी मे0 ओसवाल फैक्टरी में जाता था ।

9. यह कहना गलत है कि चंद्रकांत शाह के फरार होने के बाद मे0 ओसवाल आयरन एंड स्टील प्रा0लि0 का काम बंद हो गया था । यह कहना भी गलत है कि मे0 ओसवाल फैक्टरी का काम बंद होने के कारण वहां माल जाता नहीं था, इसलिये 90-91 के रिकार्ड नष्ट होनेxxxxxxxxx की बात मैं गलत कह रहा हूं । मैं आज भी मेसर्स सि0 कास्टिंग का मुलाजिम हूं । यह कहना गलत है कि मैं इस कारण से मूलचंद शाह, नवीन शाह और चंद्रकांत शाह के खिलाफ रिकार्ड जाता है, इसलिये पेश नहीं कर रहा हूं ।

प्रति-परीक्षण द्वारा श्री राजेन्द्रसिंह, अधि0 वास्ते अभि0 मूलचंद शाह, नवीन शाह

10. इस मुकदमे के अनुसंधान में सी0बी0आई0 वालों की 15-20 अधिकारी हमारे फैक्टरी में आये थे । उन्होंने जो=जो रिकार्ड देखने के लिये मांगा वह हमने उन्हें दिखा दिया था । जो माल सि0 कास्टिंग से मे0 ओसवाल में जाता था उससे संबंधित रिकार्ड सी0बी0आई0 वालों ने कभी नहीं मांगा । माल आने-जाने का रिकार्ड हम अपनी सहूलियत के लिये रखते हैं कि कितना माल आया और कितना माल गया । यह रिकार्ड केवल हमारे विभाग का है, इसका संबंध किसी विभाग से नहीं है, न ही वहां चेकिंग के लिये जाता है ।

11. मेसर्स ओसवाल आयरन एंड स्टील प्रा0लि0 सिम्पलेक्स कास्टिंग से करीब है । चंद्रकांत शाह के फरार होने का मतलब उनका दुर्ग से चले जाना था । दुर्ग से इस प्रकार से चंद्रकांत शाह के चले जाने के कारण उनको उच्च-न्यायालय से अग्रिम जमानत मिली थी । अग्रिम जमानत प्राप्त होने के बाद चंद्रकांत शाह दुर्ग वापस आ गया था । मेसर्स सि0 कास्टिंग से माल रिजेक्टेड ओसवाल फैक्टरी में तोड़ने के लिये जाता था । छोटे टुकड़े करने का कारण यह था कि बड़े टुकड़े आसानी से गलाने के लिये नहीं डाला जा सकता था । गलाने के बाद उसी लोहे को सिम्पलेक्स कास्टिंगमेंरि-सायकिल करते थे ।

12. चंद्रकांत शाह की 91 के पहले एक फैक्टरी ओसवाल स्टील इंडस्ट्रीज थी । सन् 91 में चंद्रकांत शाह ने एक और फैक्टरी मेसर्स ओसवाल आयरन स्टील प्रा0लि0 की डाली । ओसवाल स्टील इंडस्ट्री-ज में लोके के बड़े टुकड़ों को छोटे टुकड़ों में तोड़ने का ही काक होता था । मेसर्स सिम्पलेक्स कास्टिंग के माल के अलावा अन्य फैक्टिरियों से भी माल तोड़ने के लिये मे0 ओसवाल फैक्टरी में जाता था ।

13. चंद्रकांत शाह ने मेसर्स ओसवाल आयरन स्टील प्रा0लि0 में लोहे के तोड़ने के अलावा लोहे के प्रोसेसिंग का भी काम प्रारंभ कर दिया । प्रोसेसिंग का काम शुरू होने के बाद चंद्रकांत शाह ने सीधा भिलाई स्टील प्लांट से लोहा लेना प्रारंभ कर दिया और स्क्रेब लोहा भी खरीदना शुरू कर दिया । मेसर्स ओसवाल आयरन स्टील प्रा0लि0 का काम इस प्रकार से बहुत बढ़ गया था । इस फैक्टरी का टर्न ओवर करोड़ों में हो गया । मेसर्स ओसवाल स्टील इं0 के बहुत से काम मे0 ओसवाल आयरन स्टील एंड प्रा0लि0 में ट्रांसफर हो गये ।

गवाह नं0:- 11 पेज नं0:- 3

14. मेसर्स सि0 कॉस्टिंग भी भिलाई स्टील प्लांट से कास्ट आयरन स्कल खरीदता था । कास्ट आयरन स्कल के एक -एक पीस 5 से 20 टन के होते हैं । ये स्कल भी तोड़ने के लिये मेसर्स ओसवाल आयरन स्टील प्रा0 लि0 में जाता था । भिलाई स्टील प्लांट से स्कल कभी मिलते थे और कभी नहीं मिलते थे । स्कल भिलाई स्टील प्लांट से इंडेन से मिलता था । भिलाई स्टील प्लांट से स्कल के खरीदार सि0 कॉस्टिंग के अलावा और कई अन्य फैक्टरी भी थी । भिलाई स्टील प्लांट से उक्त माल राशन के व्दारा विभिन्न कंपनियों को प्राप्त होता था । सिम्पलेक्स कॉस्टिंग के विधि प्रत्येक साल परिवर्तित होता चला गया । परिवर्तत से मेरा मतलब उन्नति से है । जैसे-जैसे उन्नति होती चली गई वैसे-वैसे रिजेक्टेड माल की कमी होती गई । माल कम रिजेक्ट होने के कारण कम माल मेसर्स ओसवाल फैक्टरी में तोड़ने के लिये भेजा गया ।

15. हमारे मेसर्स सिम्पलेक्स कॉस्टिंग में जब कोई माल सप्लाई करना चाहता है तो हम उससे उसका अनुभव, माल की कीमत और माल का सेम्पल मंगवाते हैं । माल का सेम्पल टेस्टिंग के लिये टेस्टिंग डिपार्टमेंट में जाता है और यदि वहां पास हो जाये तो फिर फाइनेंस डिपार्टमेंट में रेट के एप्रूअल के लिये जाता है ।

16. जुलाई-अगस्त 91 में ज्ञानप्रकाश मिश्रा ने हमारे यहां रेत के ठेके के लिये एप्लाई किया था । हमने ज्ञानप्रकाश से कहा कि इस संबंध में अनुभव, कीमत और सेम्पल दो । इसके बाद ज्ञानप्रकाश लौटकर नहीं आया और उसको ठेका नहीं दिया गया ।

17. सी0बी0आई0 वालेहमारे यहां डेढ़-दो महीने तक अन्वेषण करते रहे । प्रत्येक साल के अंत में माल आने-जाने का रिकार्ड नष्ट कर दिया जाता है । यह प्रक्रिया सन् 88 से है, क्योंकि रजिस्टर रखने की कोई आवश्यकता हमारे यहां नहीं है । नियोगी की हत्या के बाद उनकी हत्या का संदेह सभी उद्योगपतियों के विरूद्ध उत्पन्न हो गया और सभी के विरूद्ध अनुसंधान किया गया ।

18. नियोगी जी की हत्या के बाद केडिया डिस्टलरी के 2 कर्मचारियों को पुलिस ने 20 दिन बाद गिरफ्तार किया था । छ0मु0मोर्चा के आंदोलन के कारण सिम्पलेक्स कॉस्टिंग का काम सुचारू रूप से चलता था । इस आंदोलन से काम प्रभावित नहीं होता था ।

प्रति-परीक्षण व्दारा श्री अशोक यादव, अधि0वास्ते अभियुक्तगण ज्ञानप्रकाश, अभयसिंह, अवधेश, चंद्रबक्श एवं बलदेव.

19. चूंकि मैं सिम्पलेक्स कॉस्टिंग में परचेस ऑफिसर था, इस कारण मुझसे कोई भी व्यक्ति मिलता था । उस व्यक्ति को मुझसे मिलने के लिये किसी के अनुमति/सिफारिश की आवश्यकता नहीं होती थी ।

प्रति-परीक्षण व्दारा श्री त्रिवेदी, अधिवक्ता वास्ते अभि0चंद्रकांत शाह.

20. कुछ नहीं ।

प्रति-परीक्षण व्दारा श्री तिवारी, अधि0 वास्ते अभियुक्त पलटन.

21. कुछ नहीं ।

गवाह को पढ़कर सुनाया, समझाया गया ।

सही होना पाया । मेरे निर्देशन पर टंकित ।

।जे0के0एस0राजपूत।	।जे0के0एस0राजपूत।
व्दितीय अति0 सत्र न्यायाधीश,	व्दितीय अति0 सत्र न्यायाधीश,
दुर्ग ।म0प्र0।	दुर्ग ।म0प्र0।

सत्यप्रतिलिपि
14/95
प्रधान प्रतिलिपिकार
प्रतिलिपि विभाग,
कार्या. जिला एवं सत्र न्यायालय,
दुर्ग (म.प्र.)



एस०सी०ओ०सं० 1094/95

प्रतिलिपि आर एस तिवारी - की जो कि श्री के. के. एल. राजपूत द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश, दुर्ग (म०प्र०) के न्यायालय में सत्र प्र०क्र० 233/92 अभिलिखित कि गया है, जिसके पक्षकार निम्नलिखित है:-

म०प्र०शासन, द्वारा- थाना भिलाई नगर,

द्वारा - सी०बी०आई० न्यू दिल्ली. .... अभियोजन.

<u>विरुद्ध</u>

1. चन्द्रकान्त शाह आ० रामजी भाई शाह,
   साकिन- 21/24, नेहरू नगर, भिलाई.
2. भानुप्रकाश मिश्रा उर्फ भानू आ० छोटकन,
   साकिन- बाबा आटा चक्की, कैम्प-1, रोड नं. 18, भिलाई,
3. अवधेश राय आ० रामआशीष राय,
   साकिन-क्वा०नं०- 7ए, रोड नं०-5, सेक्टर-5, भिलाई.
4. अभय कुमार सिंग उर्फ अभय सिंह आ० विक्रमा सिंह,
   साकिन- 7 जी, कैम्प-1, भिलाई, जिला दुर्ग.
5. मूलचंद शाह आ० रामजी भाई शाह,
   साकिन-सिम्पलेक्स कालोनी, मालवीय नगर, जी०ई०रोड, दुर्ग
6. नवीन शाह आ० रामजी भाई शाह,
   साकिन- सिम्पलेक्स कालोनी, मालवीय नगर, जी०ई०रोड, दुर्ग
7. पल्टन मल्लाह उर्फ रवि आ० नोलाई मल्लाह,
   साकिन- निभही थाना रूद्रपुर, जिला देवरिया (उ०प्र०)
8. चन्द्र बक्श सिंह आ० भारत सिंह,
   साकिन-जी-38, एच०सी०सी०कालोनी, जामुल, जिला दुर्ग.
9. बल्देव सिंह संधू आ० रावेल सिंह संधू,
   साकिन- आर-37, एम०पी०हाउसिंग बोर्ड कालोनी,
   इन्डस्ट्रियल एरिया, भिलाई ....अभियुक्तगण



2-100

G?RPJ-153-7Lal

II-157
C. J.

Witness No. ..... Deposition taken

the ....20-12-94..... day of .... Witness's apparent age ......40 वर्ष......

States on affirmation my name is ...आर0एस0 तिवारी..........

son of ....श्री एस0डी0 तिवारी.. occupation .सर्विस.....

address.....परिक्षेत्रीय उद्योग कार्यालय, भोपाल...................................

शपथपूर्वक :-

1. दिनांक 5-8-90 से दिनांक 3-7-93 तक मैं दुर्ग में मैनेजर डिस्ट्रिक्ट इंडस्ट्रीज सेंटर के रूप में कार्यरत था। दुर्ग में औद्योगिक क्षेत्र की जितनी भी उद्योग थे उनके भूमि संबंधी आवंटन के संबंध में अभिलेख मेरे माध्यम से रखे जाते हैं। मेसर्स सिम्पलेक्स एंड इं0एंड फाउंडरी वर्क्स लि0 इंडस्ट्रीयल स्टेट, भिलाई, मेसर्स सिम्पलेक्स कास्टिंग लि0, इं0एरिया, भिलाई, मेसर्स ओसवाल आयरन-स्टील प्रायवेट लि0, इंडस्ट्रीयल एरिया भिलाई, मेसर्स ओसवाल स्टील इं0, भिलाई तथा मेसर्स लोहावाला प्रोसेसर्स, भिलाई के संबंध में भी मेरे कार्यालय में रिकार्ड मेरे व्दारा पुटअप होते थे। मैं ऑफिस से वे रिकार्ड आज लेकर आया हूं।

2. मेसर्स/सि0 इंजीनियरिंग फाउंडरी वर्क्स लि0 में 1990-91 ‡91-92‡ में निम्नलिखित व्यक्ति संचालक थे। इनमें श्री एच0बी0शाह, न्यू देहली, श्री ए0के0शाह, दुर्ग, श्री एम0आर0शाह, दुर्ग, श्री एन0आर0शाह, दुर्ग, श्री डी0एच0शाह, न्यू देहली थे। श्री ए0के0शाह, श्री एम0आर0शाह और एन0आर0शाह का पता सिम्पलेक्स कॉलोनी, मालवीयनगर, दुर्ग लिखा हुआ है।

3. मेसर्स सिम्पलेक्स कास्टिंग लि0 में संचालक मंडल में सन् 90-91 ‡91-92‡ में निम्नानुसार संचालक थे :- श्री एच0बी0शाह, न्यू देहली, श्री ए0के0शाह, दुर्ग, श्री एम0आर0शाह, दुर्ग, श्री एन0आर0शाह, दुर्ग, तथा श्री एच0बालचंद्रन, घाटकोपर बांबे हैं। श्री एच0 बालचंद्रन को छोड़कर शेष चारों उपरोक्त औद्योगिक संस्थानों में संचालक मंडल के संचालक थे।

4. मेसर्स ओसवाल आयरन एंड स्टील प्रायवेट लि0 में 90-91 में तथा 91-92 में दो संचालक श्री चंद्रकांत शाह, नेहरूनगर, भिलाई तथा श्रीमती प्रफुल्ल शाह वैशाली नगर भिलाई थे।

5. मेसर्स ओसवाल स्टील इंडस्ट्रीज में सन् 90-91, 91-92 में चार भागीदार थे :- 1. श्री रतनचंद जैन, कैम्प-2 भिलाई 2. श्री चंद्रकांत शाह, पद्मनाभपुर दुर्ग 3. श्री मनीषकुमार शुक्ला, भाटापारा रायपुर तथा 4. श्रीमती प्रफुल्ल शाह वैशालीनगर भिलाई थे ।

6. मेसर्स लोहावाला प्रोसेसर्स औद्योगिक क्षेत्र भिलाई में इस इकाई के मालिक श्री चंद्रकांत शाह हैं । श्री चंद्रकांत शाह ने ही इस इकाई के भूमि आबंटन हेतु आवेदन किया था ।

7. उपरोक्त डायरेक्टर्स, पार्टनर्स आदि के जानकारी के बारे में सी0बी0आई0 ने एक पत्र कार्यालय में भेजा था ।

<u>नोट</u> :- धारा 161 एवं 162 दंड प्रक्रिया संहिता के अंतर्गत दस्तावेज लेने में आपत्ति की गई, जो निरस्त की गई ।

8. उसका उत्तर पत्र दिनांक 9-12-91 को प्रदर्श पी-57 के व्दारा सी0बी0 आई0 को भेजा गया, जिसके साथ प्रदर्श पी-58 की जानकारी भेजी गई थी । इन दोनों दस्तावेजों पर तत्कालीन महाप्रबंधक श्री एस0के0 मिश्रा के हस्ताक्षर हैं और मैं उनके हस्ताक्षर उनके अधीनस्थ होने के नाते पहचानता हूं । पी-57, 58

9. दिनांक 16-12-91 को सी0बी0आई0 अधिकारी व्दारा मुझसे मेरे ऑफिस के रिकार्ड की फोटोकापी जप्त की गई थी, सीजर मेमो प्रदर्श पी-59 है, जिस पर मेरे हस्ताक्षर हैं और जप्त की हुई फोटोकापी में से दो फोटोकापी हैं, जो कि प्रदर्श पी-60 और पी-61 हैं । प्रदर्श पी-60 और 61 असल के आधार पर मिलान करने पर सही पाई गई । पी-59 60,61

प्रति-परीक्षण व्दारा <u>श्री राजेन्द्रसिंह, अधिवक्ता</u> वास्ते अभि0 मूलचंद शाह, नवीन शाह.

10. सिम्पलेक्स इं0 एंड फाउंडरी वर्क्स लि0 तथा सिम्पलेक्स कॉस्टिंग लि0 के संचालक मंडल के अभिलेख कार्यालय में उपलब्ध न होने से सी0बी0आई0 के पत्र के बाद इकाईयों से प्राप्त किये गये थे तत्पश्चात् सी0बी0आई0 को भेजे गये थे । मेसर्स ओसवाल स्टील इं0 और मेसर्स ओसवाल आयरन एंड स्टील प्रा0 लि0 अलग-अलग इकाइयां हैं । इसी प्रकार से मेसर्स लोहावाला प्रोसेसर्स भी तीसरी इकाई है । सन् 76 में ओसवाल स्टील ट्रंक इं0 का अस्तित्व था, जिसके मालिक श्री रतनचंद जैन थे ।

J.K.S. Rajput

GRPI-153-7Lakhs-8-... I-157

C. J.

Witness No. ....12.... taken

the ....

States on affirmation

son of .... occupation ....

address ....

11. मैसर्स ओसवाल स्टील ट्रंक इं0 में 12-6-84 को नये पार्टनर्स आये, जिनके नाम हैं:- श्री रतनचंद जैन, श्री चंद्रकांत शाह, श्री मनीष कुमार शुक्ला, श्रीमती प्रफुल्ल शाह हैं। मूल अभिलेख के आधार पर ओसवाल स्टील ट्रंक इं0 ही अस्तित्व में है ट्रंक शब्द टायपिस्ट की गलती से छूट गया है।

12. मैसर्स ओसवाल स्टील ट्रंक इं0/स्टील अलमारी, वाटर टैंक, ट्रंक हेतु भूमि आवंटित की गई थी। मैसर्स ओसवाल आयरन एंड स्टील प्रा0 लि0 को भूमि का आवंटन एम0एस0 और सी0आई0 के प्रोसेसिंग के लिये की गई थी। मैसर्स ओसवाल आयरन एंड स्टील प्रा0 लि0 इकाई को भूमि 29-8-88 को कब्जे में दी गई थी।

13. मैसर्स ओसवाल आयरन एंड स्टील प्रा0 लि0 का उत्पादन कब प्रारंभ हुआ मैं रिकार्ड देखे बगैर नहीं बता सकता। अभियुक्तगण की ओर से प्रदर्श डी-2 का दस्तावेज साक्षी को दिखाया गया, जिसके आधार पर साक्षी ने बताया कि उक्त इकाई का उत्पादन दिनांक 11-1-90 को आरंभ हुआ। प्रदर्श डी-2 हमारे विभाग द्वारा दिया गया दस्तावेज है। इस पर तत्कालीन जनरल मैनेजर के हस्ताक्षर हैं, पर मैं ये हस्ताक्षर किनके हैं नहीं जानता।

14. मैसर्स ओसवाल आयरन एंड स्टील प्रा0 लि0 को जिस कार्य के लिये जमीन दी थी उस कार्य में प्रदर्श डी-2 में उल्लेखित कार्य का समावेश होता है। एम0एस0 का अर्थ माइल्ड स्टील है तथा सी0आई0 का अर्थ कास्ट आयरन है। हमारे विभाग से सर्वे करने हेतु (निरीक्षण करने हेतु) अधिकारीगण इकाइयों में जाते हैं। हर इकाई को नियमानुसार प्रतिवर्ष हमारे विभाग को इकाइयों में होने वाले उत्पादन की जानकारी देना चाहिये। इकाइयों के उत्पादन से संबंधित आंकड़े पंजीयन कक्ष एवं विभागीय सुविधा कक्ष में उपलब्ध हो सकती है। साक्षी स्वतः कहता है कि इकाइयों को सामान्यतः उत्पादन के आंकड़े कार्यालय को देना चाहिये, लेकिन वे नहीं देते हैं।

Jurhyuu

15. प्रदर्श डी-3 में मैं अतल को देखकर साक्षी कहता है कि इस पर जनरल मैनेजर के हस्ताक्षर हैं, जिसकी फोटोप्रति पर डी-3 अंकित कर असल वापस किया गया। हमारे विभाग से कुछ औद्योगिक इकाइयों को बिक्रीकर से छूटने लिये आदेश (प्रमाण-पत्र) जारी किये जाते हैं। 11-1-90 के बाद से प्रतिवर्ष मेसर्स ओसवाल आयरन एंड स्टील प्रा०लि० की इकाई में उत्पादन कहां इस बाबत मैं नहीं बता सकता।

प्रति-परीक्षण व्दारा श्री त्रिवेदी, अधिवक्ता वास्ते अभियुक्त चंद्रकांत शाह.

16. चंद्रकांत शाह का निवास मैंने जो अभिलेख लाया है उसके अनुसार 19/5 नेहरूनगर, भिलाई अंकित है, इसी प्रकार से दूसरे डायरेक्टर का पता एम०आई०जी०-71 वैशालीनगर, भिलाई है। ओसवाल स्टील इंडस्ट्रीज के भागीदार का पता (रतनचंद जैन का) कैम्प-2, भिलाई तथा चंद्रकांत शाह का पता एच०-52 पद्मनाभपुर, दुर्ग अंकित है तथा श्री मनीषकुमार शुक्ला का पता सदर बाजार ब्राह्मणपारा, जिला-रायपुर है तथा श्रीमती प्रफुल्ल शाह का पता एम०आई०जी०-71 वैशालीनगर, भिलाई है। सिम्पलेक्स कॉलोनी कहां पर स्थित है मुझे जानकारी नहीं है। मालवीयनगर, दुर्ग जी०ई०रोड पर स्थित है। ओसवाल स्टील इं० के भागीदारों के निवास के पते मैंने ऊपर बताये हैं वे मालवीयनगर, दुर्ग से अलग जगह पर स्थित हैं।

17. यह कहना गलत है कि मैंने जो ट्रंक शब्द टायपिस्ट की गलती से छूटना बताया है वह गलत बताया है। यह कहना सही है कि मेसर्स ओसवाल स्टील इंडस्ट्रीज का अस्तित्व रिकार्ड मेरे व्दारा लाये गये हैं उसके आधार पर नहीं है। मेसर्स ओसवाल स्टील इंडस्ट्रीज के कौन भागीदार हैं यह प्रश्न पूछने की अनुमति नहीं दी गई।

18. पुलिस ने मेरा बयान लिपिबद्ध किया था। मेरे बयान में पुलिस ने मेरे दस्तखत भी लिये थे। मैंने पुलिस को जो बयान दिया था वह मैंने अपने कार्यालय के अभिलेख के आधार पर उनका अध्ययन कर सही जानकारी दी थी। मैं बिना बयान देखे आज नहीं बता सकता कि मैंने क्या बताया था। प्रदर्श पी-58 में चौथे नंबर के कॉलम में जो जानकारी दी गई है वह सही है, परंतु उसमें ट्रंक शब्द छूट गया है। कंडिका-4 में दिये गये भागीदारों के नाम वास्तव में ओसवाल स्टील ट्रंक इंडस्ट्रीज के भागीदारों के नाम हैं। यह बात ठीक नहीं है कि पार्टनर्स के रिक्वेस्ट पर ओसवाल स्टील ट्रंक इं० का नाम बदलकर ओसवाल स्टील इं० कर दिया गया है।



80

बयान

प्रदर्श डी-4 में ज से अ का बयान "ऑन दी - - - - - - - - - - अंडरप्रोज" नहीं दिया था। मैंने अन्वेषण अधिकारी को जो बयान दिया था उसमें मैंने हस्ताक्षर किये थे।

प्रश्न:- प्रदर्श डी-54 पर आपके हस्ताक्षर कहीं पर भी नहीं हैं।

यह प्रश्न पूछने पर अभियोजन की ओर से आपत्ति की गई।

आपत्ति निरस्त की गई।

19. बयान मैंने अपने हाथ से लिखकर नहीं दिया था। मैं नहीं कह सकता कि प्रदर्श डी-4 का बयान मेरे व्दारा दिया गया है अथवा नहीं। प्रदर्श डी-4 को साक्षी को दिखाये जाने में अभियोजन की ओर से आपत्ति की गई, जो निरस्त किया गया।

प्रति-परीक्षण व्दारा श्री धुरंधर, अधि0 वास्ते अभियुक्त पल्टन.

20. कुछ नहीं।

प्रति-परीक्षण व्दारा श्री अशोक यादव, अधिवक्ता वास्ते अभियुक्त बलदेव, चंद्रबक्श, अभयसिंह, ज्ञानप्रकाश, अवधेश,

21. कुछ नहीं।

गवाह को पढ़कर सुनाया, समझाया गया।

सही होना पाया।

मेरे निर्देशन पर टंकित।

(हस्ताक्षर)

। जे0के0एस0राजपूत ।
व्दितीय अति0 सत्र न्यायाधीश,
दुर्ग । म0प्र0।

(हस्ताक्षर)

। जे0के0एस0राजपूत ।
व्दितीय अति0 सत्र न्यायाधीश,
दुर्ग । म0प्र0।

सत्यप्रतिलिपि

(हस्ताक्षर)

प्रधान प्रतिलिपिकार
कार्या. जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
दुर्ग (म.प्र.)

...n received on 2-3-95

...ld to 11-3-95

...n 4-4-95

... or 2-3-95

...n ....

5 ... 30-3-95

6 ...

7 ...

8 ... 4-4-95

... with ...

...on

4-4-95



COURT FEE 5 पैसे 5 PAISE भारत INDIA

80

एतत् आतालाप - स्वामी अग्निवेश - की जो कि श्री

1094/95

जे. के. एस. राजपूत द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश, दुर्ग (म0प्र0) के न्यायालय में सत्र प्र0क्र0 233/90 अभिलिखित कि गया है, जिसके पक्षकार निम्नलिखित है:-

म0प्र0शासन, द्वारा- थाना भिलाई नगर,
द्वारा - सी0बी0आई0 न्यू दिल्ली. .... अभियोजन.



विरुद्ध

1. चन्द्रकान्त शाह आ0 रामजी भाई शाह,
साकिन- 21/24, नेहरू नगर, भिलाई.
2. ज्ञानप्रकाश मिश्रा उर्फ ज्ञानू आ0 छोटेलाल,
साकिन- बाबा आटा चक्की, कैम्प-1, रोड नं. 18, भिलाई,
3. अवधेश राय आ0 रामआशीष राय,
साकिन-क्वा0नं0- 7ए, रोड नं0-5, सेक्टर-5, भिलाई.
4. अभय कुमार सिंह उर्फ अभय सिंह आ0 विक्रमा सिंह,
साकिन- 7 जी, कैम्प-1, भिलाई, जिला दुर्ग.
5. मूलचंद शाह आ0 रामजी भाई शाह,
साकिन-सिम्पलेक्स कालोनी, मालवीय नगर, जी0ई0रोड, दुर्ग
6. नवीन शाह आ0 रामजी भाई शाह,
साकिन- सिम्पलेक्स कालोनी, मालवीय नगर, जी0ई0रोड, दुर्ग
7. पल्टन मल्लाह उर्फ रवि आ0 नोलाई मल्लाह,
साकिन- निम्हौी थाना रुद्रपुर, जिला देवरिया (उ0प्र0)
8. चन्द्र बक्स सिंह आ0 भारत सिंह,
साकिन-जी-38, ए0सी0सी0कालोनी, जामुल, जिला दुर्ग.
9. बल्देव सिंह सैनी आ0 रावेल सिंह सैनी
साकिन- आर-37, एम0पी0हाऊसिंग बोर्ड कालोनी,
इन्डस्ट्रियल एरिया, भिलाई ....अभियुक्तगण

COURT FEE 5 पैसे 5 PAISE भारत INDIA



2 [illegible]

ЗRPI-153-7Lakhs

II-157
C. J.

Witness No. 13 for अभियोजन की ओर से Deposition taker the 20-12-94 day of Witness's apparent age 55 वर्ष

States on affirmation my name is स्वामी अग्निवेश

of स्वामी दयानंद सरस्वती occupation स्वामीजी

ress सात जंतर-मंतर रोड, नई दिल्ली-1.

शपथपूर्वक :-

1. मैं छ0मु0मोर्चा के नेता शंकर गुहा नियोगी को जानता हूं अच्छी तरह से श्री नियोगी छ0मु0मोर्चा से संबंधित मजदूरों को उसकी बेहतरी के लिये, उनकी समस्याओं तथा उनके समाधान के लिये कार्य करते थे। छ0मु0मोर्चा के मजदूर शंकर गुहा नियोगी के नेतृत्व में शोषण के लिये तथा अन्याय के खिलाफ एवं संविधान में प्रदत्त अपने अधिकारों की प्राप्ति के लिये तथा मानव अधिकारों के लिये संघर्ष कर रहे थे। यह संघर्ष शराब माफिया, जिसमें विशेषकर केडिया डिस्टलरी तथा भिलाई इंडस्ट्रीज के उद्योगपतियों के खिलाफ संघर्ष कर रहे थे।

2. 1 सितमबर 91 को शंकर गुहा नियोगी के साथ में मैं तथा अन्य छ0मु0मोर्चा के नेता जैसे भीमराव बागड़े, एक बहनजी वगैरह राष्ट्रपति महोदय से मिले थे। उस जमाने में श्री वेंकटरमण राष्ट्रपति थे। 50 हजार मजदूरों का हस्ताक्षरित ज्ञापन नियोगी जी ने राष्ट्रपति जी को सौंपा था। उक्त ज्ञापन मैंने देखा था। उस ज्ञापन में जो समस्यायें मजदूरों की थी, जो कि राष्ट्रपति महोदय को दिया गया था उसकी कापी प्रदर्श पी-62 है। पी-62

3. राष्ट्रपति जी को मुख्य रूप से श्री नियोगी ने बताया था कि हम अपने जीने के अधिकार के लिये संघर्ष कर रहे हैं, मौलिक अधिकारों के लिये। न्यायोचित मजदूरी के अधिकार तथा कांट्रेक्ट लेबर एक्ट के तहत जो अधिकार प्राप्त है, वे अधिकार-हमसे छीने जा रहे हैं और मजदूर इनके लिये शांतिपूर्ण तरीके से संघर्ष कर रहे हैं। तथा नियोगी ने यह भी कहा था कि मजदूरों के संगठन और मनोबल को तोड़ने के लिये मालिकों के गुंडे उन पर प्राणघातक हमले कर रहे हैं + और उन्होंने यह भी कहा कि उनके जीवन को भी खतरा है।

~~4. राष्ट्रपति जी ने शालीनता के ढंग से और आश्वासन के ढंग से कहा कि~~

[illegible]

तुम्हें कोई खतरा नहीं होगा और यह भी कहा कि मैं उक्त ज्ञापन प्रधानमंत्री जी को भिजवाऊंगा तथा इसके अलावा उन्होंने यह भी कहा कि श्रम मंत्री जी से मिलिये। श्रम मंत्री इस्तीफा देकर चले गये थे, इसलिये श्रम मंत्रालय का कार्य कोयला मंत्री श्री पी०ए०सम्मा देख रहे थे। इनसे भी मिलने की हमें उन्होंने सलाह दी थी। हमने उनसे यह भी कहा था म०प्र० के मुख्यमंत्री को भी उक्त ज्ञापन भेजा जाये, जिससे कि वे हमें सुरक्षा प्रदान करें। विशेषकर नियोगी जी और उनके साथी, जो संघर्ष कर रहे थे तथा हम सबकी सुरक्षा के लिये कहा था। स्वतः कहा कि मेरी जान को कोई खतरा नहीं था।

4	App... or wit... co... sen... on	8-3-95
5	Ap... received f... with recei... t... correct ...	30-3-95
6	Applicant ... notice for further or correct particulars on	
7	Applicant given notice for further funds on	
8	Notice in column 6, or (7) complied with on	
9	Copy ready on	4-4-95
	Copy delivered or sent	4-4-95
	...lised	

प्रतिलि... एवं ...
जिला ...
कार्य. ... (म.प्र.)



080

एस०सी०आर०नं० .... की जो कि श्री

1094/95 दीपनारायण(?)

जे. के. एस. राजपूत द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश, दुर्ग (म०प्र०) के न्यायालय में सत्र प्र०क्र० 233/92 अभिलिखित किया गया है, जिसके पक्षकार निम्नलिखित है:-

म०प्र०शासन, द्वारा- थाना भिलाई नगर,
द्वारा - सी०बी०आई० न्यू दिल्ली. .... अभियोजन.

<u>विरुद्ध</u>

1. चन्द्रकान्त शाह आ० रामजी भाई शाह,
साकिन- 21/24, नेहरू नगर, भिलाई
2. आनन्दप्रकाश मिश्रा उर्फ भानू आ० छोटकन,
साकिन- बाबा आटा चक्की, कैम्प-1, रोड नं. 18, भिलाई,
3. अवधेश राय आ० रामआशीष राय,
साकिन- क्वा०नं०- 7ए, रोड नं०-5, सेक्टर-5, भिलाई
4. अभय कुमार सिंग उर्फ अभय सिंह आ० विक्रमा सिंह,
साकिन- 7 जी, कैम्प-1, भिलाई, जिला दुर्ग.
5. मूलचंद शाह आ० रामजी भाई शाह,
साकिन- सिम्पलेक्स कालोनी, मालवीय नगर, जी०ई०रोड, दुर्ग
6. नवीन शाह आ० रामजी भाई शाह,
साकिन- सिम्पलेक्स कालोनी, मालवीय नगर, जी०ई०रोड, दुर्ग
7. पल्टन मल्लाह उर्फ रवि आ० नोनाई मल्लाह,
साकिन- निभही थाना रुद्रपुर, जिला देवरिया (उ०प्र०)
8. चन्द्र बक्श सिंह आ० भारत सिंह,
साकिन- जी-30, ए०सी०सी०कालोनी, जामुल, जिला दुर्ग.
9. बल्देव सिंह सन्धू आ० रावेल सिंह सन्धू,
साकिन- आर-37, एम०पी०हाउसिंग बोर्ड कालोनी,
इन्डस्ट्रियल एरिया, भिलाई ....अभियुक्तगण

GRPI- COURT FEE 5 PAISE — भारत INDIA

II-157
C. J.

Witness No. 27 for अभियोजन की ओर से Deposition taken the 25-3-95 day of Witness's apparent age 41 वर्ष

States on affirmation my name is दीपनारायण पांडे

son of श्री राघो पांडे occupation शिक्षक

address कैम्प नं0-1, 18 नंबर रोड, भिलाई

शपथपूर्वक :-

1. मैं कैम्प नं0-1, 18 नंबर रोड में रहता हूं। मैं प्रभुनाथ मिश्रा और ज्ञानप्रकाश मिश्रा को अच्छी तरह जानता हूं। ये दोनों आपस में सगे भाई हैं। येमेरे मकान के सामने मकान में रहते हैं। आज ज्ञानप्रकाश मिश्रा अदालत में मौजूद है। मैं अभयसिंह को जानता हूं, जो आज अदालत में मौजूद है। अभयसिंह यू0पी0 का है। अभयसिंह किस जिले का रहने वाला है मुझे नहीं मालूम है। ज्ञानप्रकाश मिश्रा और प्रभुनाथ मिश्रा गोरखपुर (उ0प्र0) के रहने वाले हैं। ज्ञानप्रकाश मिश्रा मेरा दूर का रिश्तेदार भी है।

2. मैं शिक्षक हूं, सुर्तीपार में स्थित विद्यालय बाबा राघवदास विद्यालय में शिक्षक हूं। मैंने अभयसिंह को ज्ञानप्रकाश मिश्रा के घर आते-जाते नहीं देखा हूं। मैं चंद्रबख्श एवं बलदेव को नहीं जानता। अवधेश रॉय को जानता हूं। अवधेश आज न्यायालय में उपस्थित है। मैं टोनी पंजाबी को नहीं जानता। मैं रवि उर्फ पलटन मल्लाह को भी नहीं जानता।

नोट :- श्री सक्सेना, विशेष लोक अभियोजक ने साक्षी को पक्ष विरोधी घोषित कर प्रति -परीक्षण की अनुमति चाही।

केस डायरी कथन का अवलोकन किया। साक्षी को पक्ष विरोधी घोषित कर प्रति-परीक्षण की अनुमति प्रदान की गई।

प्रति-परीक्षण द्वारा श्री सक्सेना, विशेष लोक अभियोजक वास्ते शासन

3. इस मुकदमे के सिलसिले में दुर्ग पुलिस ने मुझसे पूछताछ किया था। प्रदर्श पी-1 18 में अ से अ अभयसिंह - - - - - - - आते थे, का कथन मैंने पुलिस पी-1 को नहीं दिया था।

J.v.s.R...

प्रधान प्रतिलिपि विभाग,
प्रतिलिपि विभाग जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
दुर्ग (म.प्र.)

4. नियोगी जी की हत्या हुई है यह मुझे मालूम है । नियोगी जी की हत्या के तुरंत बाद मैंने अभयसिंह को दुर्ग में नहीं देखा । साक्षी स्वत: कहता है कि मैं 6 .ह से स्कूल चला जाता हूं, इस कारण नहीं कह सकता । मैंने पुलिस को यह बयान नहीं दिया है कि रवि उर्फ पलटन नियोगी की हत्या के बाद फरार है । प्रदर्श पी-118 में ब से ब रवि उर्फ पलटन - - - - - - - - फरार है का कथन मैंने पुलिस को नहीं दिया था । मैं यह नहीं बता सकता कि पुलिस ने मेरा उपरोक्त बयान अ से अ तथा ब से ब कैसे लिख लिया । यह कहना गलत है कि ज्ञानप्रकाश मेरा रिश्तेदार है, इसलिये मैं उसे बचाने के लिये सही गवाही नहीं दे रहा हूं ।

प्रति-परीक्षण व्दारा श्री अवस्थी, अधि0 वास्ते अभि0 गुलचंद शाह, नवीन शाह.

5. कुछ नहीं ।

प्रति-परीक्षण व्दारा श्री पटेरिया, अधि0 वास्ते अभियुक्त चंद्रकांत शाह.

6. कुछ नहीं ।

प्रति-परीक्षण व्दारा श्री अशोक यादव, अधि0 वास्ते अभियुक्त ज्ञानप्रकाश, अभय, अवधेश, चंद्रबख्श एवं बलदेव.

7. मैं स्कूल पढ़ाने सुबह 7.00 बजे चला जाता हूं । मैं शाम को 5.00 बजे वहां से वापस आता हूं । खुर्सीपार स्कूल मेरे घर से 5 कि0मी0 दूर है । अभयसिंह का घर मेरे घर से लगभग 1/2 कि0मी0 दूर है ।

प्रति-परीक्षण व्दारा श्री तिवारी, अधि0 वास्ते अभियुक्त पलटन.

8. रवि उर्फ पलटन मल्लाह को मैं नहीं जानता ।

गवाह को पढ़कर सुनाया, समझाया गया ।

सही होना पाया ।
J.K.S. Rajput
(जे0के0एस0राजपूत)
व्दितीय अति0 सत्र न्यायाधीश,
दुर्ग (म0प्र0)

मेरे निर्देशन पर टंकित ।
J.K.S. Rajput
(जे0के0एस0राजपूत)
व्दितीय अति0 सत्र न्यायाधीश,
दुर्ग (म0प्र0)

सत्यप्रतिलिपि
9/5/95
प्रधान प्रतिलिपिकार
प्रतिलिपि विभाग,
कार्या जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
दुर्ग (म.प्र.)

received on ....
paid to ....
... on ....
... on ....
5 Applicant ... received from ... with record for ... correct
6 Applicant ... notice for further correct particulars on ....
7 Applicant given notice for further funds on ....
8 Notice in column (6) or (7) complied with on ....
Copy ready on ....
Delivered or sent ....



एस0सी0सी0एन0
1094/95

प्रतिलिपि - नायडू मारन - - - की जो कि श्री जे. के. एस. राजपूत द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश, दुर्ग (म0प्र0) के न्यायालय में सत्र प्र0क्र0 233/92 अभिलिखित किया गया है, जिसके पक्षकार निम्नलिखित है:-

म0प्र0शासन, द्वारा- थाना भिलाई नगर,
द्वारा - सी0बी0आई0 न्यू दिल्ली. .... अभियोजन.

विरुद्ध

1. चन्द्रकान्त शाह आ0 रामजी भाई शाह,
साकिन- 21/24, नेहरू नगर, भिलाई.

2. ज्ञानप्रकाश मिश्रा उर्फ ज्ञानू आ0 छोटकन,
साकिन- बाबा आटा चक्की, कैम्प-1, रोड नं. 18, भिलाई,

3. अवधेश राय आ0 रामआशीष राय,
साकिन-क्वा(नं)- 7ए, रोड नं0-5, सेक्टर-5, भिलाई.

4. अभय कुमार सिंग उर्फ अभय सिंह आ0 विक्रमा सिंह,
साकिन- 7 जी, कैम्प-1, भिलाई, जिला दुर्ग.

5. मूलचंद शाह आ0 रामजी भाई शाह,
साकिन-सिम्पलेक्स कालोनी, मालवीय नगर, जी0ई0रोड, दुर्ग

6. नवीन शाह आ0 रामजी भाई शाह,
साकिन- सिम्पलेक्स कालोनी, मानवीय नगर, जी0ई0रोड, दुर्ग

7. पल्टन मल्लाह उर्फ रवि आ0 नोलाई मल्लाह,
साकिन- निभ्भी थाना रुद्रपुर, जिला देवरिया (उ0प्र0)

8. चन्द्र बक्श सिंह आ0 भारत सिंह,
साकिन-जी-36, ए0सी0सी0कालोनी, जामुल, जिला दुर्ग.

9. बल्देव सिंह संधू आ0 रावेल सिंह संधू,
साकिन- आर-37, एम0पी0हाऊसिंग बोर्ड कालोनी,
इन्डस्ट्रियल एरिया, भिलाई. ....अभियुक्तगण



1-60

GRPI-153-7Lakhs-8-92 157/J.

Witness No. ....28 .28... for ....[illegible]........ Deposition taken

the ...25-3-95...... day of .... Witness's apparent age .39. वर्ष ....

States on affirmation my name is ..नायडू मारन........

son of ....श्री वी०टी०राजू.................................... occupation ..दर्जी.....

address ...कैम्प-1, भिलाई...

शपथपूर्वक :-

1. मैं प्रभुनाथ मिश्रा के भाई ज्ञानप्रकाश मिश्रा को जानता हूं, जो कि आज अदालत में मौजूद है । मैं टेलरिंग का काम करता हूं । मेरे दुकान का नाम पैराडाईज टेलर्स है, जो कैम्प-1 प्रभनाथ मिश्रा के कॉम्पलेक्स में है । मैं प्रभुनाथ मिश्रा को प्रतिमाह 500/- रूपये किराया देता हूं ।

2. मैं अभयसिंह, चंद्रबख्श, बलदेव, अवधेश एवं टोनी को नहीं जानता । [मैं] दीपनारायण को जानता हूं । इसके घर के सामने तखत या चौकी पड़ी रहती है, [इ]सकी जानकारी नहीं है ।

नोट:- श्री सक्सेना, विशेष लोक अभियोजक ने साक्षी को पक्ष विरोधी घोषित [क]र प्रति-परीक्षण की अनुमति चाही ।

केस डायरी कथन देखा, अनुमति दी गई ।

[प्र]ति-परीक्षण द्वारा श्री सक्सेना, विशेष लोक अभियोजक वास्ते शासन.

[3]. मुझसे इस मुकदमे के सिलसिले में दुर्ग पुलिस ने पूछताछ नहीं किया था । [सी]०बी०आई० वालों ने पूछताछ किया था । सी०बी०आई० ने पूछताछ नियोगी जी [क]ी हत्या के बाद की थी । मैं रवि को भी नहीं जानता । मैंने रवि का फोटो [दे]खकर सी०बी०आई० वालों के समक्ष शिनाखत नहीं किया था । प्रदर्श पी-119 में मैंने पी-[1 में अ] से अ ज्ञानप्रकाश मिश्रा -------- बैठते थे, का बयान नहीं दिया था । मैंने ब से ब ज्ञानप्रकाश के साथ -------- आता-जाता था, का बयान भी पुलिस को नहीं दिया था । मैंने स से स नियोगी हत्याकांड ----- फरार हैं, का बयान भी पुलिस को नहीं दिया था ।

4. मैं प्रभुनाथ मिश्रा का किरायेदार हूं, इसलिये ज्ञानप्रकाश को बचाने के लिये गलत बयान नहीं दे रहा हूं । J.K.S.Ny

प्रति-परीक्षण व्दारा श्री अवस्थी, अधि० वास्ते अभि० मूलचंद शाह, नवीन शाह.

5. कुछ नहीं ।

प्रति-परीक्षण व्दारा श्री पटेरिया, अधि० वास्ते अभियुक्त चंद्रकांत शाह.

6. कुछ नहीं ।

प्रति-परीक्षण व्दारा श्री अशोक यादव, अधि० वास्ते अभि० ज्ञानप्रकाश, अभय, अवधेश, चंदबक्श एवं बलदेव.

7. कुछ नहीं ।

प्रति-परीक्षण व्दारा श्री तिवारी, अधि० वास्ते अभि० पलटन.

8. कुछ नहीं ।

गवाह को पढ़कर सुनाया, समझाया गया ।

सही होना पाया ।	मेरे निर्देशन पर टंकित ।
J. K. S. Rajput	J. K. S. Rajput
‖ जे०के०एस०राजपूत ‖	‖ जे०के०एस०राजपूत ‖
व्दितीय अति० सत्र न्यायाधीश,	व्दितीय अति० सत्र न्यायाधीश,
दुर्ग ‖म०प्र०‖	दुर्ग ‖म०प्र०‖

सत्यप्रतिलिपि

प्रभारी प्रतिलिपिकार
प्रतिलिपि विभाग.
कार्या. जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
दुर्ग (म.प्र.)

Application received on ... 8.3.
... told to ...
... 30
6 ... notice for further ... correct particulars on
7 Applicant given notice for further funds on
8 Notice in column (6) or (7) complied with on ... 4.
Copy ready on ... 4.
Copy delivered or sent ...



एक्सo मा०र०नं०
1094/95

अफलातून – – – की जो कि श्री जे. के. एस. राजपूत द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश, दुर्ग (म०प्र०) के न्यायालय में सत्र प्र०क्र० 233/92 अभिलिखित कि गया है, जिसके पक्षकार निम्नलिखित है

म०प्र०शासन, द्वारा- थाना भिलाई नगर,
द्वारा - सी.बी०आई० न्यू दिल्ली. .... अभियोजन.



<u>विरुद्ध</u>

1. चन्द्रकान्त शाह आ० रामजी भाई शाह,
साकिन- 21/24, नेहरू नगर, भिलाई.
2. ज्ञानप्रकाश मिश्रा उर्फ ज्ञानू आ० छोटकन,
साकिन- बाबा आटा चक्की, कैम्प-1, रोड़ नं. 18, भिलाई,
3. अवधेश राय आ० रामआशीष राय,
साकिन-क्वा०नं०- 7ए, रोड़ नं०-5, सेक्टर-5, भिलाई.
4. अभय कुमार सिंग उर्फ अभय सिंह आ० विक्रमा सिंह,
साकिन- 7 बी, कैम्प-1, भिलाई, जिला दुर्ग.
5. मूलचंद शाह आ० रामजी भाई शाह,
साकिन-सिम्पलेक्स कालोनी, मालवीय नगर, जी०ई०रोड़, दुर्ग
6. नवीन शाह आ० रामजी भाई शाह,
साकिन- सिम्पलेक्स कालोनी, मालवीय नगर, जी०ई०रोड़, दुर्ग
7. पल्टन मल्लाह उर्फ रवि आ० नोलाई मल्लाह,
साकिन- निभही थाना रुद्रपुर, जिला देवरिया (उ०प्र०)
8. चन्द्रप्रकाश सिंह आ० भारत सिंह,
साकिन-जी-36, एच०सी०सी०कालोनी, जामुल, जिला दुर्ग.
9. बल्देव सिंह सैधु आ० रावेल सिंह सैधू,
साकिन- क्वार्टर-37, एम०पी०हाउसिंग बोर्ड कालोनी,
इन्डस्ट्रियल एरिया, भिलाई. .... अभियुक्तगण



5 COURT FEE 5 पैसे 5 PAISE

GRPI-153-7Lakh

II-157
C. J.

Witness No. 29 for अभियोजन की ओर से Deposition taken the 25-3-95 day of .... Witness's apparent age 56 वर्ष

States on affirmation my name is अर्जा.ब. राव

son of श्री अर्जुन occupation सर्विस

address कैम्प-1, भिलाई.

शपथपूर्वक :-

1. मैं बी0एस0पी0 के जनरल मेंटेनेंस विभाग में सीनियर टैक्नीशियन हूं । मैं कैम्प नं0-1 में ब्लॉक 6 जी क्वार्टर नंबर में रहता हूं । मैं सन् 74-75 से जब से यह मकान बना तब से रहता हूं । क्वार्टर नंबर 6एफ मेरे मकान के बाल में लगा हुआ पड़ता है । सन् 90 में क्वार्टर नंबर 6एफ किसे एलॉट हुआ मुझे नहीं मालूम । मुझे नहीं मालूम कि जुलाई से सितम्बर 91 के मध्य क्वार्टर नं 6एफ में कौन रहता था । इस मकान में यदि कोई रहता हो तो इसकी जानकारी मुझे नहीं है ।

2. मैं अभयसिंह को जानता हूं । ज्ञानप्रकाश मिश्रा को नहीं जानता । अभयसिंह का मकान ब्लॉक नं0-7 में है । अभयसिंह का मकान मेरे मकान के सामने में नहीं है । अभयसिंह मेरे मकान के सामने वाले मकान में कभी नहीं रहा ।

नोट:- श्री सक्सेना, विशेष लोक अभियोजक ने साक्षी को पक्ष विरोधी घोषित कर प्रति-परीक्षण की अनुमति चाही ।

केस डायरी कथन देखा, अनुमति दी गई ।

प्रति-परीक्षण व्दारा श्री सक्सेना, विशेष लोक अभियोजक वास्ते शासन.

3. इस मुकदमे के सिलसिले में दुर्ग पुलिस और सी0बी0आई0 वालों ने मुझसे पूछताछ किया था । मुझे यह याद नहीं है कि दिनांक 28-10-91 और 21-11-91 को मेरा बयान लिया गया था । प्रदर्श पी-120 में अ से अ मैंने सुना था - - - - - - उठना-बैठना करता था, का बयान पुलिस को नहीं दिया था । प्रदर्श पी-121 में अ से अ अभयसिंह - - - - - - कब्जा किया था, का बयान नहीं दिया था । मैंने ब से ब नियोगी हत्याकांड - - - - - फरार है, का बयान नहीं दिया था । मैंने ऐसा बयान नहीं दिया था, पुलिसवालों ने अपनी मर्जी से लिख लिया होगा ।

पी-120
पी-121

5 COURT FEE 5 पैसे



पुलिस मेरे घर में आकर बैठती थी, इसलिये हो सकता है कि उन्होंने मेरा बयान लिखकर मुझे गवाह बना लिया हो । उस समय पुलिस वाले मेरे घर आया करते थे, लेकिन अब नहीं आते । यह बात गलत है कि अभयसिंह मेरे पड़ोस में रहता था, और बी0एस0पी0 में काम करता था, इसलिये मैं उसे बचाने के लिये झूठा बयान दे रहा हूं । पुलिस वालों से मेरी रंजिश नहीं है ।

प्रति-परीक्षण व्दारा श्री अवस्थी, अधि0 वास्ते अभियुक्त मूलचंद शाह, नवीन शाह.

4. कुछ नहीं ।

प्रति-परीक्षण व्दारा श्री पटेरिया, अधि0 वास्ते अभियुक्त चंद्रकांत शाह.

5. कुछ नहीं ।

प्रति-परीक्षण व्दारा श्री अशोक यादव, अधि0 वास्ते अभियुक्त ज्ञानप्रकाश, अवधेश, अभय, चंद्रबख्श एवं बलदेव.

6. अभयसिंह बी0एस0पी0 में नौकरी करता था, लेकिन मेरे विभाग में नौकरी नहीं करता था ।

प्रति-परीक्षण व्दारा श्री तिवारी, अधि0 वास्ते अभियुक्त पलटन.

7. मेरे क्वार्टर और क्वार्टर नं0-6एफ का दरवाजा गली के तरफ खुलता है । दोनों क्वार्टर लगे हुये हैं । क्वार्टर नं0 6एफ में यदि कोई आता-जाता है तो मुझे बाजू में रहने के कारण मालूम पड़ सकता है । सन् 90-91 में मैंने क्वार्टर नं0 6 एफ0 में किसी को रहते हुये नहीं देखा ।

गवाह को पढ़कर सुनाया, समझाया गया ।

सही होना पाया ।	मेरे निर्देशन पर टंकित ।
J.M. Rajput	J.M. Rajput
(जे0के0एस0राजपूत)	(जे0के0एस0राजपूत)
व्दितीय अति0 सत्र न्यायाधीश,	व्दितीय अति0 सत्र न्यायाधीश,
दुर्ग (म0प्र0)	दुर्ग (म0प्र0)

सत्यप्रतिलिपि
11/4/95
प्रधान प्रतिलिपिकार
प्रतिलिपि विभाग,
कार्या जिला एवं सत्र न्यायाधीश
दुर्ग (म.प्र.)

Application received on 9.3.95
Applicant told to appear on 11.3.95
Notice in column (6) or (7) complied with on
Copy ready on
Copy delivered or sent



1-८

एस0डी0सी0 सी0नं0
1601/95

प्रतिलिपि श्री एम. वी. ऐ दुबे ---- को जो कि श्री के. के. एस. राजपूत द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश, दुर्ग (म0प्र0) के न्यायालय में सत्र प्र0क्र0 233/92 अभिलिखित किया गया है, जिसके प्रकार निम्नलिखित

म0प्र0शासन, द्वारा- थाना भिलाई नगर,
द्वारा - सी0बी0आई0 न्यू दिल्ली. .... अभियोजन.

विरुद्ध

1. चन्द्रकान्त शाह आ0 रामजी भाई शाह,
साकिन- 21/24, नेहरु नगर, भिलाई.
2. शान्तिलाल मिश्रा उर्फ शानू आ0 छोटेलाल,
साकिन- बाजार आटा चक्की, कैम्प-1, रोड नं. 18, भिलाई,
3. अवधेश राय आ0 रामआशीष राय,
साकिन-क्वा0नं0- 7ए, रोड नं0-5, सेक्टर-5, भिलाई
4. अभय कुमार सिंह उर्फ अभय सिंह आ0 विक्रमा सिंह,
साकिन- 7 जी, कैम्प-1, भिलाई, जिला दुर्ग.
5. मूलचंद शाह आ0 रामजी भाई शाह,
साकिन-सिम्पलेक्स कालोनी, मालवीय नगर, जी0ई0रोड, दुर्ग
6. नवीन शाह आ0 रामजी भाई शाह,
साकिन- सिम्पलेक्स कालोनी, मालवीय नगर, जी0ई0रोड, दुर्ग
7. पल्टन मल्लाह उर्फ रवि आ0 नोलाई मल्लाह,
साकिन- निमही थाना रुद्रपुर, जिला देवरिया (उ0प्र0)
8. चन्द्र बक्श सिंह आ0 भारत सिंह,
साकिन-जी-36, एच0सी0सी0कालोनी, जामुल, जिला दुर्ग.
9. बलदेव सिंह टेपू आ0 रावेल सिंह टेपू,
साकिन- आर-37, एम0पी0हाउसिंग बोर्ड कालोनी,
इन्डस्ट्रियल एरिया, भिलाई ....अभियुक्तगण

Witness No. 30 for अभियोजन की ओर से Deposition taken the 4-4-95 day of Witness's apparent age 57 वर्ष

States on affirmation my name is एम०वी०रेड्डी

son of स्वर्गीय श्री अमलीरेड्डी occupation सर्विस

address से०-10, भिलाई

शपथपूर्वक :-

1. मैं सन् 1961 से टाईम कीपिंग आर्गेनाइजेशन भिलाई प्लांट में विभन्न पदों पर कार्य करता रहा हूं। भिलाई स्टील प्लांट में हर डिपार्टमेंट में बहुत से ब्लॉक होते हैं और प्रत्येक ब्लॉक में जो उनके कर्मचारी होते हैं उनको टोकन नंबर दिया जाता है। हमारे यहां एक मास्टर अटेंडेंस रजिस्टर रहता है। जब कर्मचारी ड्यूटी पर आता है तो टाईम ऑफिस से अपना टोकन लेता है और वह टोकन ले जाकर अपने डिपार्टमेंट इंचार्ज के पास जाकर जमा करता है, जिसके आधार पर उसका अटेंडेंस प्रमाणित किया जाता है और ड्यूटी खत्म हो जाने के बाद वह कर्मचारी वहां से टोकन लेकर वह कर्मचारी टाईम ऑफिस में जमा करता है। कर्मचारी की उसके आने व जाने का समय अंकित नहीं किया जाता है, परंतु यदि समय में हेराफेरी है अर्थात् आने में लेट और जाने में जल्दी है तब समय नोट किया जाता है। मास्टर अटेंडेंस रजिस्टर में जो सार्टिफिकेट कर्मचारी का इंचार्ज देता है उसके आधार पर कर्मचारी की हाजिरी का इंद्राज होता है। अगर सर्टिफिकेट नहीं आता है तो कर्मचारी गैरहाजिर माना जाता है।

2. भिलाई स्टील प्लांट में 4 शिफ्ट होते हैं। ए०,जी०, बी०, सी० 4 शिफ्ट हैं। जी० का मतलब जनरल शिफ्ट है। सन् 91 में एवं आज भी ए० शिफ्ट का समय सुबह 6.00 बजे से लेकर दोपहर 2.00 बजे तक का तथा बी० शिफ्ट का समय 2.00 बजे दोपहर से लेकर रात के 10.00 बजे तक का तथा सी० शिफ्ट का समय 10.00 बजे रात से लेकर सुबह 6.00 बजे तक का तथा जनरल शिफ्ट का समय सुबह 8.00 बजे से लेकर शाम के 4.30 बजे तक का है।

3. मैं अभयकुमारसिंह को व्यक्तिगत रूप से नहीं जानता। अभयकुमार सिंह फर्नेस ब्लॉक/प्रोडक्शन सेक्शन में सन् 91 में ऑपरेटर था। उसका टोकन नं०- 22906 था।

50 COURT FEE 50 50 COURT FEE 50
50 COURT FEE 50 50 COURT FEE 50

उसका पर्सनल नंबर 148218 था । मैं 90-91 का मास्टर अटेंडेंस रजिस्टर लाया हूं । हमारे बी०एस०पी० में ऐसा कोई सिस्टम नहीं था कि कर्मचारी खुद किसी अटेंडेंस रजिस्टर पर दस्तखत करे । टोकन के आधार पर कर्मचारी का इंचार्ज डी०पी०आर० बनाता है और टोकन के आधार पर उनका अटेंडेंस मार्क करता है । ये डी०पी०आर० कंप्यूटर ऑपरेटर को देते हैं और कंप्यूटर के जरिये कर्मचारी का अटेंडेंस प्रमाणित होता है, उसके आधार पर मास्टर अटेंडेंस रजिस्टर बनता है । इसी हाजिरी के आधार पर कर्मचारी को पेमेंट मिलता है ।

4. 1-9-91 को अभयकुमार सिंह बी० शिफ्ट में था तथा 2 से 5-9-91 तक ए० शिफ्ट में तथा 6-9-91 को वीकली रेस्ट तथा 7 से 8-9-91 तक ए० शिफ्ट तथा 9/10-9-91 को सी० शिफ्ट, 11-9-91 को सी०एल० 12-9-91 को सी० शिफ्ट, 13-9-91 को वीकली रेस्ट, 14-9-91 को तथा 15-9-91 को सी० शिफ्ट, 16 से 19-9-91 तक बी० शिफ्ट, 20-9-91 को वीकली रेस्ट तथा 21-22-9-91 बी० शिफ्ट तथा 23 से 26-9-91 तक ए० शिफ्ट, 27 वीकली रेस्ट तथा 28-9-91 से 29-9-91 तक ए० शिफ्ट तथा 30-9-91 को सी० शिफ्ट था ।

5. माह अक्टूबर 91 में उपरोक्त [illegible]
[illegible] 4-10-91 को वीकली रेस्ट तथा 5-10-91 से लगातार गैरहाजिर है ।

प्रति-परीक्षण द्वारा श्री बी०एल०जैन, अधि० वास्ते अभि० मूलचंद, नवीन शाह.

6. कुछ नहीं ।

प्रति-परीक्षण द्वारा श्री त्रिवेदी, अधि० वास्ते अभियुक्त चंद्रकांत शाह.

7. कुछ नहीं ।

प्रति-परीक्षण द्वारा श्री अशोक यादव, अधि० वास्ते अभि० ज्ञानप्रकाश, अभय, अवधेश, चंद्रबख्श एवं बलदेव.

8. मैं डी०पी०आर० लेकर नहीं आया हूं । 10-91 15-10-91 को यदि अभयकुमार ने अपने विभाग में छुट्टी का आवेदन दिया हो तो मुझे नहीं मालूम । मास्टर अटेंडेंस रजिस्टर कंप्यूटर के द्वारा बनाया गया है । मैंने डी०पी०आर० देखा है बिना डी०पी०आर० के यह रजिस्टर नहीं बनता है ।

1 Application received on	6-4-95	
2 Ap...	10-4-95	
3 ...	22-5-95	
4	6-4-95	
5	16-5-95	
	/	
	22-5-95	
	22-5-95	
	22-5-95	
...ed or sent on	22-5-95	
11 Court-Fee realised	4-50	



एस0सी0/आवेदन नं0
1601/95

प्रतिलिपि [illegible] को जो कि श्री जे. के. एस. राजपूत द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश, दुर्ग (म0प्र0) के न्यायालय में सत्र प्र0क्र0 233/92 अभिलिखित कि गया है, जिसे प्रकार निम्नलिखित है:

म0प्र0शासन, द्वारा- थाना भिलाई नगर,
द्वारा - सी0बी0आई0 न्यू दिल्ली. .... अभियोजन.

विरुद्ध

1. चन्द्रकान्त शाह आ0 रामजी भाई शाह,
   साकिन- 21/24, नेहरू नगर, भिलाई.
2. शा[illegible] मिश्रा उर्फ शानू आ0 छोटकन,
   साकिन- [illegible] आटा चक्की, [illegible]-1. रोड नं. 18, भिलाई,
3. अवधेश र[illegible] आ0 रामआशीष राय,
   साकिन- [illegible]- 7९, रोड नं0-5, सेक्टर-5, भिलाई.
4. अभय कुमार सिंह उर्फ अभय सिंह आ0 विक्रमा सिंह,
   साकिन- 7 जी, कैम्प-1, भिलाई, जिला दुर्ग.
5. मूलचंद शाह आ0 रामजी भाई शाह,
   साकिन-सिम्पलेक्स कालोनी, मालवीय नगर, जी0ई0रोड, दुर्ग
6. नवीन शाह आ0 रामजी भाई शाह,
   साकिन- सिम्पलेक्स कालोनी, मालवीय नगर, जी0ई0रोड, दुर्ग
7. पल्टन मल्लाह उर्फ रवि आ0 नोलाई मल्लाह,
   साकिन- निम्ही थाना रुद्रपुर, जिला देवरिया (उ0प्र0)
8. चन्द्र बक्श सिंह आ0 भारत सिंह,
   साकिन-जी-36, ए0सी0सी0कालोनी, जामुल, जिला दुर्ग.
9. बलदेव सिंह टीपू आ0 रावेल सिंह टीपू,
   साकिन- आर-37, एम0पी0हाऊसिंग बोर्ड कालोनी,
   इन्डस्ट्रियल एरिया, भिलाई ....अभियुक्तगण.

Witness No. 31 for अभियोजन की ओर से Deposition taken the 4-4-95 day of Witness's apparent age 49 वर्ष

States on affirmation my name is अतुलचंद्र पाल

son of श्री रमेशचंद्र पाल occupation सर्विस

address सेo-6, भिलाई.

शपथपूर्वक :-

1. मैं मेसर्स ओसवाल आयरन एंड स्टील प्रा0 लि0, भिलाई में आज भी कर्मचारी हूं । उपरोक्त फैक्टरी इंडस्ट्रीयल एरिया में स्थित है । सन् 91 में चंद्रकांत शाह को मैं मेसर्स ओ0आयरन एंड स्टील प्रा0 लि0 के मालिक के रूप में जानता था । आज चंद्रकांत शाह अदालत में मौजूद है । मैं इस फैक्टरी में सन् 84 से कार्य कर रहा हूं । मेरा काम मैकेनिकल का एवं ए0एस0कटिंग, वेल्डिंग का है । 1965-66 में मैं बी0एस0पी0 में काम करता था । वहां से छटनी होने के बाद मैं प्लांट के अंदर जो टाटा कंपनी था उसमें मैंने लोहा तोड़ने का काम किया । टाटा कंपनी को सोमानी साहब ने खरीद लिया, लेकिन मैं उसी कंपनीमेंलगातार 79 तक काम करता रहा ।

2. इसके बाद मैं भिलाई फाउंडरी में लोहा तोड़ने का काम करता रहा । वहां पर चंद्रकांत शाह का माल तोड़वाने के लिये आता था उससे भेंट हुई । उन्होंने बोला कि मैं फैक्टरी लगाने जा रहा हूं वहां पर आप काम करें तो मैं सन् 84 में उनकी फैक्टरी में मेसर्स ओ0आयरन एंड स्टील प्रा0 लि0, भिलाई में काम करने लगा । शुरू में 90-91 से पहले 5-7 कंपनियों से माल तोड़ने के लिये आता था, जिसमें सि0 कॉस्टिंग, भिलाई भी एक कंपनी थी । मेसर्स ओ0आयरन एंड स्टील प्रा0 लि0, भिलाई कभी भी बंद नहीं हुई ।

3. चंद्रकांत शाह ने मेरे नाम से एक ईंट भट्ठा ग्राम सोनपुर, पाटन तहसील, जिला दुर्ग में लगाया था । यह सन् 88 की बात है । इस भट्ठे की रजिस्ट्री मेरे नाम से हुई थी । इस भट्ठे की खर्चा और आमदनी के संबंध में खर्चा मैं चंद्रकांतशाह से लेता था और आमदनी मैं लेता था । यह भट्ठा घाटे में चलता था, इसलिये आमदनी का प्रश्न ही नहीं उठता । यह भट्ठा 91 में बंद हो गया । पुलिसवालों ने इसे सील कर दिया । सन् 91 तक भट्ठे में घाटा होता रहा ।

ग0 के0 एस0 राजपूत
द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश
दुर्ग (म0 प्र0)

50 COURT FEE 50
50 COURT FEE 50
50 P. COURT FEE 50
50 COURT FEE 50
भारत 50 COURT FEE 50 INDIA

4. मैं ज्ञानप्रकाश मिश्रा को जानता हूं, वह आज अदालत में मौजूद नहीं है। ज्ञानप्रकाश मिश्रा उस भट्ठे में कोयला वगैरह लाने का काम करता था। इस भट्ठे का हिसाब-किताब रखने के लिये देवेन्द्रकुमार डे को भी रखा गया था। ज्ञानप्रकाश मिश्रा भट्ठे में खर्चे के सिलसिले में जो मुझसे ले जाता था उसका हिसाब दे देता था। भट्ठे पर मजदूरों को कभी-कभी मैं रखता था और कभी-कभी चंद्रकांत शाह से भी पूछ लेता था।

5. ओसवाल स्टील नाम की नंदिनी रोड में चंद्रकांत शाह की फैक्टरी थी। यह फैक्टरी सन् 90 के पहले ही बंद हो गई। ~~छछछछ~~ हेमर मशीन पहले ओसवाल स्टील में थी बाद में यह मशीन ओसवाल आयरन में भी लाई गई थी। इसमें पुरानी फैक्टरी ओसवाल स्टील है। सन् 88-89 में ओसवाल आयरन एंड स्टील फैक्टरी चालू हुई थी।

6. नियोगी की हत्या की मुझे जानकारी है। माह मुझे नहीं मालूम सन् 91 में हत्या हुई है। नियोगी जी की हत्या होने के लगभग एक-डेढ़ माह पहले से चंद्रकांत शाह फैक्टरी में कभी-कभी आता था। नियोगी की हत्या के बाद चंद्रकांत शाह फैक्टरी में नहीं आया।

प्रति-परीक्षण द्वारा <u>श्री बी0एल0जैन, अधि0</u> वास्ते अभि0 मूलचंद शाह, नवीन शाह.

7. कुछ नहीं।

प्रति-परीक्षण द्वारा <u>श्री त्रिवेदी, अधि0</u> वास्ते अभियुक्तचंद्रकांत शाह.

8. मैं सन् 84 में चंद्रकांत शाह के कहने से उसके यहां नौकरी करना प्रारंभ किया। मैं सन् 84 में ओसवाल स्टील इं0 में काम किया। चंद्रकांत शाह, मनीष एवं एक-दो अन्य और भागीदार इस फैक्टरी में थे। इस फैक्टरी में केवल हेमर मशीन से लोहा तोड़ने का काम होता था। मार्च 89 में चंद्रकांत शाह एवं अन्य इस फैक्टरी से रिटायर्ड हो गये तथा मनीष उसका मालिक हो गया। इसके बाद चंद्रकांत शाह ने एक प्रा0 लि0 कंपनी ओसवाल आयरन एंड स्टील प्रा0 लि0 बनाया। यह फैक्टरी अलग जगह पर नंदिनी रोड में चालू हुई। चूंकि मैं चंद्रकांत शाह के साथ ओसवाल आयरन एंड स्टील प्रा0 लि0 में काम करने चला गया, इसलिये ओसवाल स्टील का क्या हुआ मुझे नहीं मालूम।

J. K. Ryan (signature)

के० के० ... द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश दुर्ग (म० प्र०)

गवाह नं0:- 31.   पेज नं0:- 2

9.   जनवरी 90 से ओ0आयरन एंड स्टील प्रा0 लि0 का कॉमर्शियल प्रोडक्शन चालू हुआ । इस फैक्टरी में जनवरी 90 से हम लोग भिलाई स्टील प्लांट स्टॉक अयार्ड वगैरह से रॉ मटेरियल खरीदकर उसकी प्रोसेसिंग कर अन्य व्यक्तियों को बेचते थे । हम लोग हर माह हजार मिट्रिक टन से ज्यादा माल खरीदकर प्रोसेस कर अन्य व्यक्तियों को बेचते थे । हमारी कंपनी के पास उपरोक्त काम करने के बाद जो समय बचता था तो हम लोग दूसरी कंपनियों का माल लेकर तोड़कर]xxxxxx जॉब वर्क] करते थे ।

10.   मेसर्स ओसवाल आयरन एंड स्टील प्रा0लि0, भिलाई कभी भी माल की कमी या काम की कमी के कारण बंद नहीं हुई ।

11.   ईंट भट्ठा मैंने अपने पैसे से अपने धंधे के लिये खरीदा था । मैं इस धंधे में चंद्रकांत से जो खर्चा लेने की बात बताई है वह उससे उधार लेता था । बाद में यह रकम मैं चंद्रकांत को वापस कर देता था ।

12.   मुझे मालूम है कि यह भट्ठा कोर्ट के आदेश से कुर्क हो गया था । उसके कब्जे के लिये मैंने आवेदन-पत्र पेश किया तथा शपथ-पत्र भी दिया था तब यह भट्ठा मुझे पिछले साल से मिल गया है ।

प्रति-परीक्षण द्वारा श्री तिवारी, अधि0 वास्ते अभियुक्त पलटन.

13.   कुछ नहीं ।

गवाह को पढ़कर सुनाया, समझाया गया ।

सही होना पाया ।
(हस्ताक्षर)
] जे0के0एस0राजपूत]
द्वितीय अति0 सत्र न्यायाधीश,
दुर्ग]म0प्र0]

मेरे निर्देशन पर टंकित ।
(हस्ताक्षर)
] जे0के0एस0राजपूत]
द्वितीय अति0 सत्र न्यायाधीश,
दुर्ग]म0प्र0]



सत्यप्रतिलिपि
(हस्ताक्षर) 22/7/98
प्रतिलिपि विभाग,
कार्या. जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
दुर्ग (म.प्र.)

1	Application received on	6-4-95
2	Ap[illegible]	10-4-95
3	[illegible]	22-5-95
4	A[illegible]	6-4-95
5	[illegible]	16.5.95 or
6	[illegible]	/
7	[illegible]	22.5.95
8	[illegible]	22-5-95
9	[illegible]	22.5.95
10	[illegible]	22-5-95
11	[illegible] realised	4-95

Extra cf allowed with consent

22/5/95



1—००

एम०सी०आर०नं०
1601/95

प्रतिलिपि आर.के. आर. कोरी ---- को जो कि श्री
के.के. एस. राजपूत द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश, दुर्ग (म०प्र०) के न्यायालय
में सत्र प्र०क्र० 233/92 अभिलिखित कि गया है, जिसे प्रकार निम्नलिखित है:

म०प्र०शासन, द्वारा- थाना भिलाई नगर,
द्वारा - सी०बी०आई० न्यू दिल्ली. .... अभियोजन.

विरुद्ध

1. चन्द्रकान्त शाह आ० रामजी भाई शाह,
साकिन- 21/24, नेहरू नगर, भिलाई.
2. श्री...कान्त मिश्रा उर्फ शानू आ० छोटकन,
साकिन- ... आटा चक्की, कैम्प-1, रोड नं. 18, भिलाई,
3. अवधेश राय आ० रामाशीष राय,
साकिन- क्वा०नं०- 7ए, रोड नं०-5, सेक्टर-5, भिलाई.
4. अभय कुमार सिंह उर्फ अभय सिंह आ० विक्रमा सिंह,
साकिन- 7 जी, कैम्प-1, भिलाई, जिला दुर्ग.
5. मूलचंद शाह आ० रामजी भाई शाह,
साकिन- सिम्पलेक्स कालोनी, मालवीय नगर, जी०ई०रोड, दुर्ग
6. नवीन शाह आ० रामजी भाई शाह,
साकिन- सिम्पलेक्स कालोनी, मालवीय नगर, जी०ई०रोड, दुर्ग
7. पल्टन मल्लाह उर्फ रवि आ० नोलाई मल्लाह,
साकिन- निमही थाना रुद्रपुर, जिला देवरिया (उ०प्र०)
8. चन्द्र बक्श सिंह आ० भारत सिंह,
साकिन- जी-36, एच०सी०सी० कालोनी, जामुल, जिला दुर्ग.
9. बल्देव सिंह टेपू आ० रावेल सिंह टेपू,
साकिन- आर-37, एम०पी०हाउसिंग बोर्ड कालोनी,
इन्डस्ट्रियल एरिया, भिलाई. ....अभियुक्तगण

Witness No. ...32............ for अभियोजन की ओर से............Deposition taken
the ...5-4-95.......day of .... Witness's apparent age ...28 साल...

States on affirmation my name is के0सी0भेरी.........

son of ...श्री के0एल0नारायण.................... occupation सर्विस.....

address.....नंदिनी.....................

शपथपूर्वक :-

1. सन् 90-91 में मैंने मेसर्स ओसवाल आयरन एंड स्टील प्रा0लि0, भिलाई में एकाउंट असिस्टेंट की हैसियत से काम किया है । इस फैक्टरी के मालिक चंद्रकांत शाह हैं, जो आज अदालत में मौजूद हैं । के0एस0भाटिया इस फैक्टरी में एकाउंटेंट थे । इस फैक्टरी में बड़ा लोहा छोटे लोहे में तोड़ने के लिये हेमर मशीन लगी थी । बिल्स बन के आते थे, जिनकी रजिस्टर में इंद्राज होते थे । बिल अमाउंट व फैक्टरी का नाम, जिनको माल तोड़कर भेजा जाता था उनका नाम रजिस्टर में लिखा जाता था । प्रदर्श पी-122 सन् 90-91 का एवं प्रदर्श पी-123 सन् 91-92 के जॉब रजिस्टर्स हैं, जो उपरोक्त फैक्टरी में मेन्टेन किये जाते हैं । इनमें कुछ इंद्राज मेरे हाथ के भी हैं ।

2. प्रदर्श पी-122 के पेज नं0-8 पर 15-10-90 बिल नं0-116 से लेकर अंत तक के इस पेज के सभी इंद्राज मेरे हाथ के हैं, जिसे आज लाल स्याही से घेरा गया, जो प्रदर्श पी-122/3 है । पेज नं0-9 पर दिनांक 16-10-90 से 30-10-90 तक के सभी 122/3
इंद्राज मेरे हाथ के हैं, जिसे आज लाल स्याही से घेरा गया, जो प्रदर्श पी-122/4 है । 122/4
पेज नं0-10 पर दिनांक 6-12-90 बिल नं0-148 से 156 तक दिनांक 15-12-90 के
इंद्राज मेरे हाथ के हैं, जिसे आज लाल स्याही से घेरा गया है, जो प्रदर्श पी-122/5 122/5
है । पेज नं0-11 के सभी इंद्राज मेरे हाथ की हैं, जो प्रदर्श पी-122/6 है । पेज नं012 122/6
पर बिल नं0-182 एवं 183 दिनांक 28-1-91 के इंद्राज मेरे हाथ के हैं, जो लाल स्याही
से घेरे गये हैं, जो प्रदर्श पी-122/7 है । इसी पृष्ठ पर बिल नं0-185 दिनांक 29-1-91 122/7
का इंद्राज मेरे हाथ का है, जो लाल स्याही से घेरी गई है, जो प्रदर्श पी-122/8 है । 122/8
पेज नं0-13 पर बिल नं0-188 दिनांक 1-2-91 से बिल नं0-197 दिनांक 12-2-91 तक की प्रविष्टियां मेरे हाथ की हैं, जो आज लाल स्याही से घेरी गई है, जो प्रदर्श पी-122/9 है । 122/9

(हस्ताक्षर)
डी0के0एस0राजपूत
द्वितीय अति. सत्र न्यायाधीश
दुर्ग (म0प्र0)

COURT FEE 50 P. भारत INDIA 50 PAISE



3. जॉब रजिस्टर प्रदर्श पी-123 की सभी प्रविष्टियां दिनांक 27-4-91 से लेकर दिनांक 25-11-91 तक की जो पेज नं0-1 से लेकर 8 तक में लिखी गई हैं, मेरे हाथ की हैं, जो प्रदर्श पी-123/1 है । जॉब रजिस्टर पी-122 के अनुसार 123/1
ज्यादातर माल तोड़ने के लिये सिम्पलेक्स कॉस्टिंग से ही आया है । इस जॉब रजिस्टर में जिन फर्मो का माल तोड़कर भेजा गया है, उनसे कितना एमाउंट लेना है, इसके संबंध में पेंसिल से टोटल किये गये हैं, जिसके अनुसार नवंबर में सिम्पलेक्स कॉस्टिंग से तोड़ने के लिये माल आया था और पेंसिल के इंद्राज के अनुसार 32,322/- रूपये का भुगतान पाना है । उसी प्रकार माह दिसंबर में सभी माल तोड़ने के लिये सि0 कॉस्टिंग, भिलाई से आया था, जिसके अनुसार 41,728/- रूपये लेना बाकी था । इसी प्रकार माह जनवरी में 34,360/- रूपये व फरवरी में 22,421/- रूपये व मार्च में 5,685/- रूपये माल तोड़ने के एवज में लेना बाकी है ।

4. जॉब रजिस्टर प्रदर्श पी-123 के अनुसार मई 91 में 13,172/- रूपये, जून में 13,022/- रूपये, जुलाई 91 में 8,613/- रूपये, अगस्त 91 में 9,107/- रूपये, सितंबर में 3,575/- रूपये अक्टूबर91 में 15,406/- रूपये, नवंबर 91 में 18,109/- रूपये माल तोड़ने के बाबत लेना बाकी है, जो मेसर्स ओसवाल आयरन एंड स्टील प्रा0 लि0 को उन फर्मो से प्राप्त होने थे, जिनके इनमें नाम लिखे हैं । जॉब रजिस्टर पी-123 में कुल 44 इंद्राज हैं, जिसका माल तोड़कर भेजा गया है, जिसमें से 39 इंद्राज मेसर्स सिम्पलेक्स कॉस्टिंग, भिलाई के हैं ।

प्रति-परीक्षण व्दारा श्री बी0एल0जैन, अधि0 वास्ते अभि0 मूलचंद, नवीन शाह.

5. कुछ नहीं ।

प्रति-परीक्षण व्दारा श्री त्रिवेदी, अधि0 वास्ते अभियुक्त चंद्रकांत शाह.

6. मुझे पहले 23 मार्च के लिये समंस मिला था, जिसके संबंध में मैंने आवेदन दिया था कि मेरी परीक्षा होने के कारण मुझे मई के बाद बुलाया जावे, जो आवेदन इस न्यायालय व्दारा स्वीकार किया गया है । मुझे आज की तारीख का समंस लाकर सी0बी0आई0 वालों ने लाकर दिया । जिस दिन सी0बी0आई0 वाले आये थे उस दिन मैं परीक्षा देने गई थी ।

7. मेसर्स ओसवाल आयरन एंड स्टील प्रा0लि0, भिलाई एक प्रायव्हेट लिमिटेड कंपनी है । इस कंपनी के कई डायरेक्टर हैं, जिनमें से एक चंद्रकांत शाह भी हैं ।

के0 के0 एस0 राजपूत
द्वितीय अति. सत्र न्यायाधीश
दुर्ग (म0 प्र0)

गवाह नं0:- 32 पेज नं0:- 2

यह कहना सही है कि इस कंपनी के काम की देखभाल डायरेक्टर चंद्रकांत शाह, हेमंत शाह और मैनेजर राजेश भी करते थे । उस समय हमारी कंपनी में एकाउंटेंट के0एस0भाटिया थे और अतुलचंद पाल सुपरवाईजर थे । पाल कंपनी का प्रोसेसिंग और जॉब वर्क का काम देखते थे । हमारी कंपनी का मुख्य काम प्रोसेसिंग का था। इस काम के लिये कंपनी भिलाई स्टील प्लांट, स्टॉक अयार्ड तथा अन्य स्थानों से कच्चा माल खरीदकर प्रोसेसिंग कर उसे अन्य पार्टियों को विक्रय करती थी ।

8\. मैं इस कंपनी में अगस्त 90 से ~~अक्टूबर~~ 91 नवंबर तक कार्य करती रही हूं । मुझे इस बात की जानकारी नहीं है कि जिस समय मैं काम करती थी उस समय कंपनी वाले करीबन एक करोड़ का माल खरीदते थे । माल खरीदने का मूल्य और प्रोसेसिंग करके विक्रय करने की मूल्य की जानकारी के0एस0भाटिया को रहती थी, क्योंकि वही यह कार्य देखा करते थे ।

9\. दिनांक 20-7-90 , प्रदर्श पी-122 के पृष्ठ क्र0-4 में भिलाई इं0कार्पोरेशन का जॉब वर्क किया गया था, जिसके बिल की राशि 2,182/- रूपये 50 पैसे थी, इसी प्रकार से दिनांक 23-7-90 को भिलाई इं0कार्पो0 का जॉब वर्क किया गया था, जिसका बिल एमाउंट 1,514/- रूपये है, दिनांक 25-7-90 को भिलाई इं0का0 का जॉब वर्क किया गया था, जिसके बिल की राशि 1,689/- रूपये थी । दिनांक 25-7-90 को ही पुनः 1,764/- रूपये का जॉब वर्क भिलाई इं0का0 का किया गया था । 26-7-90 को पुनः भिलाई इं0का0 का जॉब वर्क किया गया था, जिसके बिल की राशि 1,901/- रूपया है । 26-7-90 को ही न्यू एम0पी0 मैकेनिकल इं0 का जॉब वर्क किया गया था, जिसके बिल की राशि 2,162/- रूपये है । यह प्रविष्टि प्रदर्श पी-122 के पृष्ठ क्र0-5 में है ।

10- दिनांक 28-7-90 को बी0ई0सी0 का जॉब वर्क किया गया था, जिसके बिल की राशि 1,687/- रूपये है । 6-8-90 को पुनः बी0ई0सी0 का जॉब वर्क किया गया था, जिसके बिल की राशि 1,706/- रूपये है । 6-8-90 को ही बी0ई0सी0 का अन्य जॉब वर्क किया गया था, जिसके बिल की राशि 1,132/- रूपये है । 7-8-90 को बी0ई0सी0 का जॉब वर्क किया गया था, जिसके बिल की राशि 1,031/- रूपये है । 9-8-90 को बी0ई0सी0 का जॉब वर्क किया गया था, जिसके 3 अलग-अलग बिल काटे गये थे उन बिलों की राशि

J.K.S Rajput
जे0 के0 एस0 राजपूत
विशेष अति सत्र न्यायाधीश
रायपुर (म0 प्र0)

50 P. COURT FEE 50 P. 50 P. 50 P. INDIA

क्रमशः 1,703/- रुपये, 1,914/- रुपये तथा 1,547/- रुपये हैं । प्रदर्श पी-122 के पृष्ठ क्र0-6 में दिनांक 13-8-90 को बी0ई0सी0 के जॉब वर्क के दो बिल बने थे, जिनका विवरण पृष्ठ-6 में है, जिनकी राशि क्रमशः 1,374/- रुपये तथा 2,024/- रुपये है । दिनांक 17-8-90 को पुनः बी0ई0सी0 का दो बिल काटे गये थे, जिनकी राशि 1,762/- रुपये एवं 1,420/- रुपये है ।

11. प्रदर्श पी-122 एवं 123 में जो जॉब वर्क दर्शाया गया है उसमें सिम्लेक स कॉस्टिंग के अलावा अन्य कंपनियों का भी जॉब वर्क हमारी कंपनी में किया गया है । यह कहना सही है कि ओसवाल आयरन एंड स्टील प्रा0लि0, भिलाई का मुख्य काम माल खरीदकर प्रोसेसिंग कर उसका विक्रय करना था तथा अन्य कंपनियों का माल तोड़कर उसे वापस करना था गौण कार्य था ।

प्रति-परीक्षण द्वारा श्री अशोक यादव, अधि0 वास्ते अभि0 ज्ञानप्रकाश, अभय, अवधेश, चंद्रबख्श एवं बलदेव.

12. कुछ नहीं ।

प्रति-परीक्षण द्वारा श्री तिवारी, अधिवक्ता वास्ते अभियुक्त पलटन.

13. कुछ नहीं ।

गवाह को पढ़कर सुनाया, समझाया गया ।

सही होना पाया ।	मेरे निर्देशन पर टंकित ।
J.K.S. Rajput	J.K.S. Rajput
(जे0के0एस0राजपूत)	(जे0के0एस0राजपूत)
द्वितीय अति0 सत्र न्यायाधीश,	द्वितीय अति0 सत्र न्यायाधीश,
दुर्ग (म0प्र0)	दुर्ग (म0प्र0)

सत्यप्रतिलिपि
2/5/95
प्रधान प्रतिलिपिकार
प्रतिलिपि विभाग,
कार्या. जिला एवं सत्र न्यायाधीश
दुर्ग (म.प्र.)



1-

एम०सी०आर०सी०नं०
1601/95

प्रतिलिपि [illegible] को जो कि श्री के.के. एस. राजपूत द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश, दुर्ग (म०प्र०) के न्यायालय में सत्र प्र०क्र० 233/92 अभिलिखित किया गया है, जिसके प्रकार निम्नलिखित है:

म०प्र०शासन, द्वारा- थाना भिलाई नगर,
द्वारा - सी०बी०आई० न्यू दिल्ली. .... अभियोजन.

विरुद्ध

1. चन्द्रकान्त शाह आ० रामजी भाई शाह,
साकिन- 21/24, नेहरु नगर, भिलाई.

2. श[illegible]कान्त मिश्रा उर्फ शानू आ० छो[illegible]लाल,
साकिन- [illegible] आटा चक्की, कैम्प-1, रोड नं. 18, भिलाई,

3. अवधेश राय आ० रामआशीष राय,
साकिन- क्वा०नं०- 7ए, रोड नं०-5, सेक्टर-5, भिलाई.

4. अभय कुमार सिंह उर्फ अभय सिंह आ० विक्रमा सिंह,
साकिन- 7 जी, कैम्प-1, भिलाई, जिला दुर्ग.

5. मूलचंद शाह आ० रामजी भाई शाह,
साकिन- सिम्प्लेक्स कालोनी, मालवीय नगर, जी०ई०रोड, दुर्ग

6. नवीन शाह आ० रामजी भाई शाह,
साकिन- सिम्प्लेक्स कालोनी, मालवीय नगर, जी०ई०रोड, दुर्ग

7. पल्टन मल्लाह उर्फ रवि आ० नोलाई मल्लाह,
साकिन- निम्मी थाना रुद्रपुर, जिला देवरिया (उ०प्र०)

8. चन्द्र बक्श सिंह आ० भारत सिंह,
साकिन- जी-36, ए०सी०सी०कालोनी, जामुल, जिला दुर्ग.

9. बलदेव सिंह टेहू आ० रावेल सिंह टेहू,
साकिन- आर-37, एम०पी०हाउसिंग बोर्ड कालोनी,
इन्डस्ट्रियल एरिया, भिलाई. ....अभियुक्तगण

250

CRPI-153-7Lakhs-8-92

II-157
C. J.

Witness No. 33 for अभियोजन की ओर से Deposition taken the 5-4-95 day of ... Witness's apparent age 31 वर्ष

States on affirmation my name is अम्मा वर्गिस

son of पति - श्री. जॉर्ज. वर्गिस occupation सर्विस

address सै0-6, भिलाई.

शपथपूर्वक :-

1. मैं दिसम्बर 90 से मे0 ओ0आयरन एंड स्टील प्रा0 लि0, भिलाई में टायपिस्ट की हैसियत से काम कर रही हूं । चंद्रकांत शाह मौजूद अदालत इस फैक्टरी के मालिक हैं । उपरोक्त स्टॉक रजिस्टर, जिसमें रिजेक्टेड माल तोड़ने का इंद्राज होता था वह मैं आज नहीं लाई हूं, चूंकि यह फैक्टरी 2 साल बंद रही है, इसलिये बहुत से कागजों का लॉस हो गया और रजिस्टर ढूंढने पर भी नहीं मिला । मई 92 से 94 अप्रैल तक यह फैक्टरी बंद रही है ।

2. रिजेक्टेड माल जो आता था उसकी एन्टरी मैं नहीं करती थी । सी0बी0आई0 वालों ने स्टॉक रजिस्टर के बारे में मुझसे पूछताछ नहीं किया है ।

नोट:- केस डायरी कथन की कार्बन प्रति उपलब्ध है । असल उपलब्ध नहीं है ।

श्री सक्सेना, विशेष लोक अभियोजक ने साक्षी को पक्ष विरोधी घोषित कर कार्बन प्रति के आधार पर साक्षी से प्रति-परीक्षण की अनुमति चाही ।

केस डायरी कथन देखा, अनुमति दी गई ।

3. प्रदर्श पी-125 में मैंने अ से अ का कथन सिम्पलेक्स कॉस्टिंग से - - - P-125 प्राप्त हुआ था, का बयान सी0बी0आई0 को नहीं दिया था । सी0बी0आई0 वालों ने मेरा यह बयान कैसे लिख लिया मुझे नहीं मालूम । वर्तमान में आज भी मैं मेसर्स ओसवाल आयरन एंड स्टील प्रा0लि0, भिलाई में काम कर रही हूं । यह बात गलत है कि स्टॉक रजिस्टर आज भी मौजूद है और इंद्राज मेरे हाथ की है तथा यह बात भी गलत है कि स्टॉक रजिस्टर के इंद्राज चंद्रकांत शाह के खिलाफ हैं, इसलिये मैं उसे आज नहीं लाई हूं । यह बात गलत है कि मैं चंद्रकांत शाह को बचाने के लिये झूठा बयान दे रही हूं ।

प्रति-परीक्षण द्वारा श्री बी0एल0जैन, अधि0 वास्ते अभि0 मूलचंद, नवीन शाह.

[signature]

50 P. COURT FEE 50 पै.
50 P. COURT FEE 50 पै. भारत INDIA

5. कुछ नहीं ।

प्रति-परीक्षण व्दारा श्री त्रिवेदी, अधि० वास्ते अभियुक्त चंद्रकांत शाह.

5. यह बात सही है कि मे० ओसवाल आयरन एंड स्टील प्रा० लि०, भिलाई प्रायव्हेट लिमिटेड कंपनी है । इस कंपनी में चंद्रकांत शाह, हेमंत शाह, आर० बी० शाह व अन्य कई लोग डॉयरेक्टर हैं ।

6. इस कंपनी में एकाउंटेंट भाटिया साहब थे और सुपरवाईजर अतुलचंद पाल थे । कंपनी में जो भी माल खरीदा जाता था, प्रोसेस किया जाता था और अन्य व्यक्तियों को विक्रय किया जाता था इस सबकी जानकारी भाटिया साहब को रहती थी । भाटिया साहब कंपनी का हिसाब-किताब मेन्टेन करते थे । भाटिया साहब हमारी कंपनी का माल के संबंध में सेल्टैक्स सेलटैक्स वकील के पास जमा करते थे । हमारे यहां जो भी माल खरीदकर प्रोसेसिंग किया जाता था और विक्रय किया जाता था उसकी जानकारी अतुलचंद पाल को रहती थी, क्योंकि यह काम उनकी देखरेख में होता था ।

7. हमारी कंपनी जो भी माल खरीदती थी, प्रोसेसिंग करती थी और बेचती थी उसका इंद्राज रजिस्टर में किया जाता था । मैं आज अपने साथ दो रजिस्टर लेकर आई हूं, उसमें कंपनी व्दारा 90-91 एवं 91-92 में खरीदे गये माल का विवरण है ।

8. प्रदर्श डी-11 का स्टॉक रजिस्टर प्रोसेसिंग से संबंधित है । प्रदर्श डी-11/1 अनुक्रम सूची है, जिसमें इस रजिस्टर में कंपनी व्दारा क्रय किये गये माल का विवरण है । प्रदर्श डी-11 के पृष्ठ-1/51, 81, 111, 131, 171, 201, 224, 231, 241, 141, 151, 153, 159, 167, 180, 194, 199, 274, 275, 276, 277, 279, 280, 281, में कंपनी व्दारा वर्ष 90-91 में प्रोसेसिंग हेतु क्रय किये गये माल का विवरण दर्ज है । इस रजिस्टर के आधार पर सेलटैक्स रिटर्न दिये जाते हैं । डी-11

9. प्रदर्श डी-12 मे० ओसवाल आयरन एंड स्टील प्रा० लि०, भिलाई के वर्ष 91-92 का स्टॉक रजिस्टर है । प्रदर्श डी-12/1 इस रजिस्टर में दर्ज किये गये माल के विवरण का इंडेक्स है । यह माल कंपनी व्दारा प्रोसेसिंग हेतु क्रय किया गया था, इस रजिस्टर के आधार पर सेलटैक्स का रिटर्न कंपनी व्दारा प्रस्तुत किया गया है । डी-12

180

गवाह नं0:- 33   पेज नं0:- 2

प्रदर्श डी-12 में कंपनी व्दारा प्रोसेसिंग हेतु क्रय किये गये माल का विवरण पृष्ठ -1 ,51,69,71,75, 115, 125, 131, 135, 151, 171, 175, 181, 201, 159 में है ।

10. हमारी कंपनी की मुख्य आमदनी कंपनी व्दारा भिलाई स्टील प्लांट, स्टॉक अयार्ड व अन्य लोगों से माल क्रय कर , प्रोसेसिंग कर उसको विक्रय करने से होती थी । जब कभी हमारी कंपनी के पास समय बचता था तो जॉब वर्क का काम किया जाता था । हमारी कंपनी वर्ष 90 से 92 तक माल की कमी या अन्य कारणों के कारण बंद नहीं रही ।नियोगी जी की हत्या होने के बाद सी0 बी0आई0 वाले हमारे कंपनी कार्यालय में आये थे और कागज वगैरह जांच करना है करके ले गये थे ।

प्रति-परीक्षण व्दारा श्री अशोक यादव, अधि0 वास्ते अभि0 ज्ञानप्रकाश, अवधेश, अभय, चंद्रबक्श एवं बलदेव.

11. कुछ नहीं ।

प्रति-परीक्षण व्दारा श्री तिवारी, अधि0 वास्ते अभि0 पलटन.

12. कुछ नहीं ।

गवाह को पढ़कर सुनाया, समझाया गया ।

सही होना पाया ।	मेरे निर्देशन पर टंकित ।
J. K. S. Rajput	J. K. S. Rajput
(जे0के0एस0राजपूत)	(जे0के0एस0राजपूत)
व्दितीय अति0 सत्र न्यायाधीश,	व्दितीय अति0 सत्र न्यायाधीश,
दुर्ग (म0प्र0)	दुर्ग (म0प्र0)

सत्यप्रतिलिपि
प्रधान प्रतिलिपिकार
प्रतिलिपि विभाग,
कार्या. जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
दुर्ग (म.प्र.)

1	Application received on	6-4-95
2	A[illegible]	20-4-95
3	A[illegible]	22-5-95
4	Application [illegible]	6-4-95
5	[illegible]	16-5-95
6	[illegible]	/
7	[illegible]	22-5-95
8	N[illegible] (7) [illegible]	22-5-95
9	Copy [illegible]	22-5-95
10	Copy delivered or sent on	22-5-95
11	Court-Fee realised	4-50

22/5/95

1-20

एस०सी०सी०एस०नं०

1970/95

प्रतिलिपि स्थान कोर्ट फी ...... को जो कि श्री के. के. एस. राजपूत द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश, दुर्ग (म०प्र०) के न्यायालय में सत्र प्र०क० 233/92 अभिलिखित कि गया है, जिसे प्रकार निम्नलिखित है:

म०प्र०शासन, द्वारा- थाना भिलाई नगर,
द्वारा - सी०बी०आई० न्यू दिल्ली. .... अभियोजन.

विरुद्ध

1. चन्द्रकान्त शाह आ० रामजी भाई शाह,
साकिन- 21/24, नेहरू नगर, भिलाई.
2. शशिकान्त मिश्रा उर्फ शानू आ० छोटेलाल,
साकिन- बाजार आटा चक्की, कैम्प-1, रोड नं. 18, भिलाई,
3. अवधेश राय आ० रामआशीष राय,
साकिन-क्वा०नं०- 7ए, रोड नं०-5, सेक्टर-5, भिलाई.
4. अभय कुमार सिंह उर्फ अभय सिंह आ० सिकन्दर सिंह,
साकिन- 7 जी, कैम्प-1, भिलाई, जिला दुर्ग.
5. मूलचंद शाह आ० रामजी भाई शाह,
साकिन-सिम्पलेक्स कालोनी, मालवीय नगर, जी०ई०रोड, दुर्ग
6. नवीन शाह आ० रामजी भाई शाह,
साकिन- सिम्पलेक्स कालोनी, मालवीय नगर, जी०ई०रोड, दुर्ग
7. पल्टन मल्लाह उर्फ रवि आ० नोलाई मल्लाह,
साकिन- निमही थाना रुद्रपुर, जिला देवरिया (उ०प्र०)
8. चन्द्र बक्श सिंह आ० भारत सिंह,
साकिन-जी-36, ए०सी०सी०कालोनी, जामुल, जिला दुर्ग.
9. बल्देव सिंह सिद्धू आ० रावेल सिंह सिद्धू
साकिन- आर-37, एम०पी०हाउसिंग बोर्ड कालोनी,
इन्डस्ट्रियल एरिया, भिलाई .... अभियुक्तगण

GRPJ-153-7Lakhs-8-92

II-157
C. J.

Witness No. ...34... for ...अभियोजन की ओर से... Deposition taken on ...16-4-95... day of .... Witness's apparent age ...59 वर्ष...

States on affirmation my name is ...[illegible]...

son of ...स्वर्गीय श्री [illegible]... occupation ...रिटायर्ड पोस्टमास्टर...

address ...[illegible]-10, [illegible]...

शपथपूर्वक :-

1. मैं इन्डस्ट्रीयल स्टेट, भिलाई में स्थित पोस्टऑफिस [illegible] में [illegible]-पोस्टमास्टर के पद से सेवानिवृत्त जून 92 में हो गया हूं । सन् 92 में मैं उक्त पोस्टऑफिस में सब-पोस्टमास्टर के रूप में कार्यरत था । भिलाई-टाईम्स के पेपर पर पोस्टऑफिस का जो सील है वह पठनीय नहीं है । भिलाई-टाईम्स के पेपर पर 15 पैसे का टिकट लगा हुआ है और उस पर जो सील है वह पठनीय नहीं है । भिलाई-टाईम्स का पेपर पी-126 है, जिस पर ऊपर में सिम्पलेक्स कॉस्टिंग कंपनी [illegible] लाईट इंडस्ट्रीज एरिया, भिलाई (म0प्र0) लिखा हुआ है । उस पेपर का सॉर्टिंग मेरे अधीनस्थ कर्मचारी द्वारा किया जाता है, यह पेपर मैंने अपने सेवाकाल में कभी नहीं देखा है । पी-126

2. कंपनी के जो अधिकृत मैसेंजर होते हैं वे पेपर एवं अन्य डाक ले जाते हैं । [illegible] मैंने यह सुना है कि सिम्पलेक्स [illegible] कॉस्टिंग एंड सिम्पलेक्स उद्योग की फैक्टरी है यह मैं इसलिये जानता हूं कि उस नाम का डाक आता-जाता था । सन् 89 से मैंने 92 तक इस पोस्टऑफिस में काम किया हूं ।

प्रति-परीक्षण द्वारा श्री सुरेन्द्रसिंह, अधि0 वास्ते अभि0 [illegible] शाह, नवीन शाह.

